प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 347 | सोमवार 08 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया

## दिल्ली पोलिस ने विदेशी मुद्रा धोखाधड़ी गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया

***फिल्म उद्योग के पेशेवर होने का दिखावा करके फंसाता था। उसने कथित तौर पर खुद को एक फिल्म निर्माता के रूप में पेश किया और व्यापारियों का विश्वास जीतने के लिए पांच सितारा होटलों में बैठकें आयोजित कीं।***



नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी) दिल्ली पुलिस ने विदेशी मुद्रा धोखाधड़ी से जुड़े संगठित गिरोह के कथित सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने कई राज्यों में व्यापारियों, पेशेवरों और ट्रैवल कंपनियों से ठगी की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्ण कुमार शर्मा (31) कोलकाता में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित था। वहां उसने कथित तौर पर एक व्यक्ति को विदेशी मुद्रा विनिमय के बहाने ठगा था और 15,000 अमेरिकी डॉलर और 1,000 यूरो लेकर फरार हो गया था, जिनकी कीमत लगभग 14.5 लाख रुपये थी।पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने एक बयान में कहा, "शर्मा एक संगठित धोखाधड़ी गिरोह चलाता था जो पीड़ितों को आकर्षक विदेशी मुद्रा विनिमय का झांसा देकर और कभी–कभी फिल्म उद्योग के पेशेवर होने का दिखावा करके फंसाता था। उसने कथित तौर पर खुद को एक फिल्म निर्माता के रूप में पेश किया और व्यापारियों का विश्वास जीतने के लिए पांच सितारा होटलों में बैठकें आयोजित कीं।"पुलिस ने बताया कि कोलकाता की एक अदालत ने छह दिसंबर को शर्मा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसने बताया कि सूचना के आधार पर छह दिसंबर को एक टीम ने पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके मेंआरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने कहा कि शर्मा पहले भी मुंबई और दिल्ली मेंकई धोखाधड़ी के मामलों में शामिल रहा है।

## एयरलाइन क्षेत्र में 'एकाधिकार' बना रहने तक हवाई किराये की सीमा लागू रहनी चाहिए :चिदबरम

***यह उल्लेख करते हुए कि पायलट ड्यूटी समय से जुड़े नये नियम जनवरी 2024 में अधिसूचित किए गए थे, चिदंबरम ने कहा, ''फिर भी पिछले 23 महीनों में, सरकार एयरलाइन को उसके संचालन को नए नियमों के अनुरूप ढालने में विफल रही।***



नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी)इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के मद्देनजर सरकार द्वारा हवाई किराए की सीमा तय किए जाने के बीच कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि नागर विमानन मंत्रालय आखिरकार जाग गया है, और उन्होंने मांग की कि एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना रहने तक इस तरह की मूल्य नियंत्रण व्यवस्था लागू रहनी चाहिए।'इंडिगो' के परिचालन में व्यवधान के कारण पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों उड़ानें रद्द और विलंबित हुईं, जिससे देश भर में हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मुझे खुशी है कि नागर विमानन मंत्रालय आखिरकार जाग गया है और उसने इकोनॉमी क्लास के किराये की सीमा तय कर दी है।" उन्होंने कहा कि एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना रहने तक, इकोनॉमी क्लास में किराया सीमा लागू रहनी चाहिए।कांग्रेस नेता ने कहा, "कड़ी प्रतिस्पर्धा के अभाव में जनहित की रक्षा का एकमात्र उपाय कीमतों पर नियंत्रण है।" इससे पहले, उन्होंने कहा था कि इंडिगो के परिचालन में व्यवधान और देश भर के हवाई अड्डों पर "अराजक माहौल" इंडिगो प्रबंधन, नागर विमानन मंत्रालय, डीजीसीए और पूरी सरकार की भारी विफलता को दर्शाती है।यह उल्लेख करते हुए कि पायलट ड्यूटी समय से जुड़े नये नियम जनवरी 2024 में अधिसूचित किए गए थे, चिदंबरम ने कहा, "फिर भी पिछले 23 महीनों में, सरकार एयरलाइन को उसके संचालन को नए नियमों के अनुरूप ढालने में विफल रही। नागर विमानन मंत्रालय और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) पूरी तरह से इसके लिए जिम्मेदार हैं।

## Bijnor में बच्चों की श्वास नली में फंसी टाफी, दम घुटने से हुई मौत

नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी)उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में ढाई साल के एक बच्चे की श्वास नली में टॉफी फंस जाने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को यहां बताया कि चक गोवर्धन गांव के निवासी ढाई वर्षीय शाफेज को शनिवार की शाम श्वास नली में टॉफी फंस जाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।शाफेज के पिता शमशाद ने बताया कि उनके बेटे की श्वास नली में टॉफी अटक गई थी और घर पर काफी कोशिश के बावजूद टॉफी निकाली नहीं जा सकी।

## संसद में वंदे मातरम और चुनावी सुधारों पर होगी चर्चा, जोरदार बहस के आसार



नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी) इस हफ्ते संसद में सत्ताधारी बीजेपी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के बीच बड़ा टकराव देखने को मिलेगा। सोमवार से, संसद में राष्ट्रीय गीत श्वंदे मातरमश और चुनावी सुधारों जैसे दो महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा होगी, जिसमें सभी पार्टियों के सांसद हिस्सा लेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बीजेपी की ओर से बहस में शामिल होंगे। वहीं, विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, अखिलेश यादव, और कनिमोझी जैसे प्रमुख नेता इन बहसों में अपनी बात रखेंगे।सोमवार दोपहर को यह चर्चा लोकसभा में शुरू होगी, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। कांग्रेस की ओर से उपनेता गौरव गोगोई और वरिष्ठ सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल होंगी। राज्यसभा में यह बहस मंगलवार को होगी, जिसकी शुरुआत गृह मंत्री अमित शाह करेंगे।

**चुनावी सुधारों पर चर्चा**

लोकसभा में चुनावी सुधारों पर बहस मंगलवार को शुरू होगी, जिसके बुधवार को खत्म होने की संभावना है। दोनों सदनों में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बहस का जवाब देंगे।

**विवादास्पद मुद्दों पर तीखी बहस की संभावना**

माना जा रहा है कि श्वंदे मातरमश और चुनावी सुधारों पर विपरीत विचारों के चलते सदन में तीखी बहस होगी।

**वंदे मातरम पर विवाद**

प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कांग्रेस पर एक वर्ग को खुश करने के लिए श्वंदे मातरमश का पूरा उपयोग न करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में, कांग्रेस ने मोदी पर तथ्यों को तोड़ने–मरोड़ने का आरोप लगाया है। कांग्रेस रवींद्रनाथ टैगोर के एक पत्र का हवाला देती है, जिसमें कहा गया था कि श्वंदे मातरमश के केवल पहले दो छंदों को ही अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि बाद वाले छंदों में सांप्रदायिक भावनाएं हो सकती हैं।

## आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंती और राज्यपाल ने गोवा नाइट क्लब हादसे पर शोक व्यक्त किया

**तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख ने कहा कि ऐसी घटनाएं 'बेहद दुखद' हैं। राज्यपाल नजीर ने भी इस हादसे को 'हृदय विदारक' बताते हुए कहा कि घटना से कई परिवारों को अपूरणीय क्षति हुई है।**



नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी) आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने गोवा के एक नाइट क्लब में लगी आग में हुई जानमाल की हानि पर रविवार को शोक व्यक्त किया।नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,"उत्तरी गोवा के अरपोरा में हुई दुखद आग की घटना से बहुत दुखी हूं जिसमें कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।"तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख ने कहा कि ऐसी घटनाएं 'बेहद दुखद' हैं। राज्यपाल नजीर ने भी इस हादसे को 'हृदय विदारक' बताते हुए कहा कि घटना से कई परिवारों को अपूरणीय क्षति हुई है।उन्होंने 'लोकभवन' से जारी बयान में पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद भीषण आग लग जाने से 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए।

## इंडिगो संकट पर अखिलेश यादव का केंद्र सरकार पर हमला




नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी)सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडिगो संकट के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिगो द्वारा श्इलेक्टोरल बॉन्डश में चंदा दिए जाने के कारण एयरलाइन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यादव ने कहा कि यह घटना इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे पूंजीपति ताकतें सरकार पर हावी हो रही हैं, जिससे सरकार बेबस है।समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को इंडिगो एयरलाइन में चल रहे संकट को लेकर बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है।पीटीआई न्यूज एजेंसी द्वारा जारी एक वीडियो में, अखिलेश यादव ने गंभीर आरोप लगाया कि एयरलाइन पर इलेक्टोरल बॉन्ड के चंदे की वजह से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने सीधे तौर पर कहा, श्सरकार बिना किसी वजह के इंडिगो पर दबाव नहीं डाल रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इंडिगो ने उन्हें इलेक्टोरल बॉन्ड दिए थे।यादव ने आगे कहा कि इंडिगो के पास तैयारी करने के लिए काफी समय था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने इस स्थिति को देश में पूंजीपतियों के सरकार पर हावी होने का उदाहरण बताया। उन्होंने जोर देकर कहा, श्यह पहला साफ उदाहरण है जो दिखाता है कि पूंजीवादी ताकतें सरकार पर हावी हो रही हैं और सरकार के पास कोई रास्ता नहीं है।श

## आस्था सही, पर राम पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

### बाबरी मस्जिद की नींव पर धीरेन्द्र शास्त्री का बयान

**कोलकाता में 5 लाख लोगों ने लोकखो कंठे गीता पाठश किया, जिस पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह श्सनातन एकताश विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत सनातन और श्भगवा–ए–हिंदश चाहता है, न कि श्तनातानीश या श्गजवा–ए–हिंदश। उन्होंने इस भव्य आयोजन को कोलकाता का महाकुंभ मेला बताया।**




नई दिल्ली07 दिसम्बर (एजेंसी) कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को श्सनातन संस्कृति संसदश द्वारा श्लोकखो कंठे गीता पाठश (लाखों कंठों से गीता पाठ) का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 5 लाख से ज्यादा लोगों ने एक साथ पवित्र भगवत गीता का पाठ किया, जिससे आस्था और उत्साह का माहौल बन गया।धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, सनातन एकता विश्व शांति का साधन

इस कार्यक्रम में शामिल हुए बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, श्आज, पश्चिम बंगाल के कोलकाता की पवित्र भूमि पर 500,000 लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। उत्साह और आस्था की लहर देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो।उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म की एकता ही इस देश और दुनिया के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। शास्त्री ने जोर देकर कहा, श्भारत में, हम श्सनातनश चाहते हैं, श्तनातानीश नहीं। भारत में, हम श्भगवा–ए–हिंदश चाहते हैं, श्गजवा–ए–हिंदश नहीं।बाबरी मस्जिद की नींव पर भी दी प्रतिक्रियामुर्शिदाबाद के बेल्डंगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा रखी गई बाबरी मस्जिद की नींव के पत्थर पर भी धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, श्अगर किसी की ऐसी आस्था है, तो वह अपनी आस्था के अनुसार इसे स्वीकार कर सकता है। इसमें कोई गलती या अपराध नहीं है।हालांकि, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, श्लेकिन कोई भी हमारे भगवान राम पर टिप्पणी नहीं कर सकता। अगर हमारे मंदिर बनने पर कोई टिप्पणी करता है, तो उसका अहंकार सामने आ जाएगा।

## बाबरी की तर्ज पर बंगाल में मस्जिद की नींव, ममता की चुप्पी पर सवाल, राजनीति में उबाल

नई दिल्ली 07 दिसम्बर (एजेंसी) सस्पेंड किए गए तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में एक नई मस्जिद की नींव रखी। बताया गया है कि इस मस्जिद




का डिजाइन अयोध्या की बाबरी मस्जिद जैसा होगा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बहुत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। यह घटना अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल के राजनीतिक माहौल को और भी ज्यादा गरमा रही है।इस शिलान्यास पर विभिन्न नेताओं ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि लोगों को अपने धार्मिक स्थल बनाने का अधिकार है। उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठाया, जबकि मुर्शिदाबाद की 70 प्रतिशत आबादी मुस्लिम समुदाय की है। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है और सरकारों को निर्देश दिए हैं।केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि मंदिर या मस्जिद बनाने में कोई गलती नहीं है, लेकिन अगर इसे श्धार्मिक उन्माद फैलानेश के लिए बनाया जा रहा है तो यह गलत है।बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने हुमायूं कबीर द्वारा ।प्डप्ड के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह एक लोकतांत्रिक देश है और वे ऐसा कर सकते हैं। पात्रा ने ज्डब् और हुमायूं कबीर दोनों पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया, जबकि बीजेपी विकास की राजनीति के लिए खड़ी है।

## युवाओं के लिए योगी सरकार का फैसला

### ब्लाकों पर होगी भर्ती ,मिलेगी 25 हजार सैलरी



लखनऊ07 दिसम्बर (एजेंसी) यूपी में 826 ब्लॉक करियर काउंसलर की भर्ती होगी। हर ब्लॉक में एक करियर काउंसलर रखा जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग संविदा पर इनकी भर्ती करेगा। हर महीने 25 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।करियर काउंसलर पद के लिए एमए मनोविज्ञान व करियर कांउसिलिंग में डिप्लोमाधारक आवेदन कर सकेंगे। राजकीय माध्यमिक स्कूलों व अशासकीय सहायता प्राप्त एडेड माध्यमिक स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की करियर काउंसिलिंग करेंगे। छात्र मानसिक तनाव में हैं, तो उनकी मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग भी यह काउंसलर करेंगे। शिक्षकों को प्रशिक्षित भी करेंगे और अपने ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। सरकारी माध्यमिक स्कूलों में छात्र रुचि के अनुसार किन क्षेत्रों में आगे करियर बना सकते हैं इसकी जानकारी करियर काउंसलर देंगे।देश व विदेश में विभिन्न अच्छे पाठ्यक्रमों की उन्हें जानकारी देंगे। विद्यार्थियों को उनकी क्षमता व रुचि के अनुसार किस क्षेत्र में करियर बनाने का प्रयास करना चाहिए, इसके लिए मार्गदर्शन करेंगे। विद्यालय में पढ़ाई का बढ़ता बोझ और अभिभावकों का दबाव न सह पाने के कारण कई बार तनाव में आ जाते हैं। कई बार उचित मार्गदर्शन न मिलने के कारण वह गलत कदम भी उठा लेते हैं। ऐसे में उन्हें काउंसिलिंग की जरूरत होती है, जो शिक्षक नहीं कर पाते। सरकारी माध्यमिक स्कूलों के लिए हर ब्लॉक में एक करियर काउंसलर रखे जाएंगे, जिससे छात्रों को आसानी से मार्गदर्शन मिल सकेगा। प्रत्येक ब्लॉक में सरकारी माध्यमिक स्कूलों को सूचीबद्ध कर उनके यहां हर हफ्ते विशेष सत्र चलाया जाएगा। इसमें छात्र कॅरियर से संबंधित जानकारी हासिल कर सकेंगे। विद्यार्थियों को बताया जाएगा कि करियर बनाने की दौड़ में वह अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ न करें। तनाव प्रबंधन करें और योग करें। कभी भी दबाव में रहकर परीक्षा की तैयारी न करें। वह किस तरह दिनचर्या बनाएं, उन्हेंटिप्स दी जाएगी। करियर काउंसलर करियर बनाने व मनोवैज्ञानिक समस्याएं दूर करने के साथ बताएंगे कि खेल, गीत व संगीत को किस तरह अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इस तरह काउंसलर मागदर्शन करेंगे।करियर काउंसलर ऐसे छात्रों को शिक्षकों की मदद से चिह्नित करेंगे जो अकसर तनाव में रहते हैं। फिर उनसे वह अलग से बात करेंगे और यह जानने की कोशिश करेंगे कि आखिर किस तरह की समस्या उनके सामने आ रही है।

## गोवा हादसा :राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया दुख, अनुग्रह राशि का ऐलान



पणजी 07 दिसम्बर (एजेंसी) । गोवा में अरपोरा के नाइट क्लब में भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से पीड़ितों के प्रति अनुग्रह राशि का ऐलान किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे के पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, नॉर्थ गोवा जिले में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुख हुआ, जिसमें कई कीमती जानें चली गईं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत दे। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों को 2–2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। पीएमओ के अधिकारी ने एक्स हैंडल से पोस्ट कर लिखा, गोवा के अरपोरा में हुए हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से फोन पर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। मैंने गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत से स्थिति के बारे में बात की। राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद दे रही है।आग की घटना नॉर्थ गोवा के अरपोरा में बर्च बाय रोमियो लेन में हुई। गोवा पुलिस ने बताया कि हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई

# सम्पादकीय

## योगी ने कहा-महिला सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न सिर्फ प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेशकों को लाने के लिए जहां लगातार सक्रिय है, तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश की कानून–व्यवस्था और भी ज्यादा बेहतर की जा सके, खासतौर से महिला सुरक्षा के मुद्दे पर तो वे इसके लिए भी काम कर रहे हैं। बात पहले प्रदेश में निवेश बढाने के संबंध में तो मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए कोई नहीं आना चाहता था। लेकिन हमने जमीनी स्तर पर जाकर काम किया और यूपी में निवेश लेकर आए। एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि यूपी में डबल इंजन की सरकार ने निवेश के मामले में मील का पत्थर स्थापित किया है। बीते 8 वर्षों में यूपी का परिवेश और परसेप्शन कैसे बदला है, ये इस बात का प्रमाण है कि हमें 45 लाख करोड़ के प्रस्ताव में से 15 लाख करोड़ के ग्राउंड ब्रेकिंग करवा चुके हैं। आज यूपी में अच्छा ढांचा है। अलग–अलग सेक्टर से जुड़ी पॉलिसी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया, जब हमने यूपी के जब हमने ग्लोबल इंवेस्टर समिट शुरू किया, तो हमारे अधिकारियों ने लक्ष्य सिर्फ 20 हजार करोड़ रुपये का रखा था। तब मैंने उनसे कहा था कि नाम ग्लोबल और इंवेस्टमेंट इतना छोटा। ये नहीं चलेगा, इस दिशा में काम करना पड़ेगा। अधिकारियों ने मुझसे पूछा कि इसके लिए क्या करें, तो मैंने कहा कि सड़क पर उतरेंगे और इंवेस्टर्स को लेकर आएंगे।



नफीस जाफरी

तो वहीं कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के संबंध में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। जो लोग भी बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा, उसका खात्मा हो जाएगा। एचटी समिट में यूपी के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्य नाथ एनकाउंटर और बुलडोजर को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जो लोग व्यवस्था में बोझ बने हुए हैं उस बोझ से धरती माता को मुक्ति मिलनी चाहिए और यह मुक्ति उनसे इस धरती के भी नहीं, बल्कि उनके स्वयं के बोझ से भी उन्हें मुक्ति मिल जाती है। इसलिए उनको बोझ से मुक्त किया जाता है। एचटी समिट में एनकाउंटर पर जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमने कहा था न जीरो टॉलरेंस, बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया तो अगले चौराहे पर कोई यमराज इंतजार कर रहा होगा। योगी ने कहा कि देश के अंदर हर व्यक्ति समय से न्याय चाहता है, जिस भी रास्ते मिले, उसको मिलना चाहिए। और उन अपराधियों का उन माफिया के दुस्साहस को हर हालत में कुंद बनाया जाना चाहिए। ये माफिया कोई भी उसको हर हाल में रोका जाना चाहिए। यूपी का ये दुर्भाग्य रहा है कि हमारी सरकार आने से पहले हर जिले में एक माफिया खड़ा हो गया था। समानांतर उसकी सत्ता चलती थी, वह व्यवस्था और कानून को नहीं मानता था, न्यायपालिका को नहीं मानता था। सिस्टम के किसी संस्था में विश्वास नहीं जब उनको कानून में विश्वास नहीं तो कानून उसपर विश्वास क्यों करे, इसलिए हमने उसको उसकी भाषा में समझाने का काम किया, अब यूपी माफिया से मुक्त हो चुका है, अब यूपी वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया नहीं बल्कि वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज है।

# पंजाब का जल संकट

निस्संदेह, पंजाब इन दिनों दोहरे जल संकट से जूझ रहा है। एक ओर जहां अंधाधुंध भू–गर्भीय जल के दोहन से उसका जलस्तर गिर रहा है, वहीं कीटनाशकों व रासायनिक खादों के बेतहाशा इस्तेमाल से पानी जहरीला होता जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय भूजल बोर्ड यानी सीजीडब्ल्यूबी के नवीनतम आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। संस्था के नवीनतम निष्कर्ष बताते हैं कि पंजाब 156.36 फीसदी भूजल दोहन के साथ इसके अत्यधिक इस्तेमाल में देशभर में अग्रणी है। जो इस बात को रेखांकित करता है कि पंजाब में इसके जलस्रोतों का कितने खतरनाक ढंग से अत्यधिक दोहन किया जा चुका है। लेकिन यह संकट यही समाप्त नहीं हो जाता। इस संकट से जुड़ी त्रासदी यह भी है कि सीजीडब्ल्यूबी की नवीनतम वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट–2025 बताती है कि पंजाब में परीक्षण किए गए भूजल के 62.5 फीसदी नमूनों में यूरेनियम सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक मात्रा में पाया गया है। निश्चित रूप से भू–गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और पानी की गुणवत्ता में गिरावट में गहरा संबंध है। दरअसल, अत्यधिक भूजल दोहन से पानी का स्तर नीचे चला जाता है, जिसके चलते गहरे बोरवेल लगाने पड़ते हैं। जो भूगर्भीय रूप से अस्थिर, खनिज–समृद्ध परतों से पानी खींचते हैं। जो अक्सर यूरेनियम, आर्सेनिक, नाइट्रेट या लवणता से भरी होती हैं। इसके साथ ही, दशकों से चली आ रही सघन कृषि, अधिक सिंचाई वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये भारी मात्रा में सिंचाई और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जिसके चलते भूजल व मिट्टी दोनों ही में प्रदूषकों का रिसाव तेज हो जाता है। इस भयावह संकट को पिछले दिनों राज्यसभा में राजनीतिक आवाज तब मिली, जब सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब में विषाक्त जल संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने चेताया था कि भारी धातुओं और रेडियोधर्मी प्रदूषकों वाला पानी आम लोगों के स्वास्थ्य पर घातक असर डाल रहा है। ऐसा करके उन्होंने देश के नीति नियंताओं को आईना दिखाने का प्रयास ही किया है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में इस चिंता को अभिव्यक्त करके, पर्यावरणीय आंकड़ों के जरिये लंबे समय से दिए जा रहे संकेतों को स्पष्ट रूप से उजागर ही किया है। हमें इस बात का अहसास होना चाहिए कि यह अब कोई दूरगामी पर्यावरणीय चिंता नहीं बल्कि हमारे सामने एक उभरती हुई जन–स्वास्थ्य की आपात स्थिति ही है। देश में अकसर उस ट्रेन का जिक्र किया जाता रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पंजाब के लोग कैंसर के उपचार के लिये राजस्थान के विभिन्न अस्पतालों में जाया करते हैं। जिसे अकसर कैंसर ट्रेन के नाम से पुकारा भी जाता रहा है। निस्संदेह, राज्य के कुओं, बोरवेल या हैंडपंप पर निर्भर लाखों पंजाबियों के लिये, इसका मतलब है कि उनके लिये रोजाना पीने का पानी ही स्वास्थ्य खतरा बन सकता है। जिसके उपयोग से उनके गुर्दे की क्षति, कैंसरकारी घातक प्रभाव और प्रजनन व शारीरिक विकास संबंधी नुकसान हो सकता है। निस्संदेह, इस दिशा में तत्काल निर्णायक कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है। समय की मांग है कि तत्काल प्रभाव से भूजल के अंधाधुंध दोहन पर सख्त अंकुश लगाया जाए। इसके लिये बेहद जरूरी है कि कृषि क्षेत्र पर ध्यान देकर, कम पानी का उपयोग करने वाली फसलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जाए। राज्य के हर शहर व गांव में भूजल गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध करायी जाए। प्रदूषित पेयजल के प्रभावी उपचार के साथ ही सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही औद्योगिक व कृषि प्रदूषकों पर नियंत्रण के लिये पारदर्शी व सख्त कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वच्छ पेयजल अनंत मात्रा में उपलब्ध नहीं है। हम इसे असीमित संसाधन के बजाय एक नाजुक जीवन रेखा के रूप में देखें। यदि आज हमने समय रहते हुए पेयजल को सुरक्षित व संरक्षित नहीं किया तो आने वाली पीढ़ियां पेयजल संकट से जूझने को अभिशप्त होंगी। इतना ही नहीं, उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट भी विरासत के रूप में मिलेगा। जिसके लिये वे हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

# बाबरी मस्जिद विवाद-"एक संयोग या फिर बड़ा राजनीतिक प्रयोग"



गुलफिशा खान

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर बीते दिनों छह दिसंबर को हजारों समर्थकों की भीड़ के साथ मुर्शिदाबाद के बेलडांगा इलाके में बाबरी मस्जिद की नींव रखने पहुंचे। उनके समर्थक सिर पर ईंट लेकर पहुंचे थे और नारेबाजी भी कर रहे थे। उन्होंने बाबरी मस्जिद की नींव रखी। कबीर ने पुलिस सुरक्षा को लेकर धन्यवाद दिया, साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बाबरी मस्जिद को लेकर जमकर निशाना साधा। हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की शैली में बनने वाली मस्जिद के शिलान्यास से पहले लोगों को संबोधित करते हुए कहा, मैं सरकार से एक रुपया नहीं लूंगा, इसके लिए 80 करोड़ जुटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि मैं सरकारी धन लूंगा तो बाबरी मस्जिद की पवित्रता पर असर पड़ेगा। हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा सुबह ही पहुंच चुके थे। शिलान्यास समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मालदा, मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना के लोग बाबरी मस्जिद के निर्माण में योगदान देंगे। उनके पास मस्जिद बनाने के लिए 25 बीघा जमीन है, लेकिन स्थानीय प्रशासन उन्हें रोक रहा है। हमें सरकारी धन की जरूरत नहीं होगी। मैं उस व्यक्ति का नाम नहीं लूंगा, जिसने हमें मस्जिद बनाने के लिए 80 करोड़ रुपये देने पर सहमति जताई है। मैं सरकार से एक रुपया भी नहीं लूंगा। फिर मस्जिद की पवित्रता अखंड नहीं रहेगी। सस्पेंड टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस का समर्थन मिल रहा है। मेरी सुरक्षा की जा रही है। इसके लिए धन्यवाद देता हूं। मैं पूरी मुस्लिम कम्युनिटी को दिल से सलाम और मुबारकबाद देता हूं।

तो वहीं दूसरी ओर टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बाबरी मस्जिद के नाम पर कोलकाता में भीड़ जुटाने की कोशिश को राजनीतिक दांव बताया है। उन्होंने कहा कि मंदिर–मस्जिद की बहस की जगह सही मायने में सद्भावना होनी चाहिए, खासकर आज के दिन। सिन्हा ने आरोप लगाया कि बाबरी मस्जिद पर भीड़ जुटाने और विवाद खड़ा करने की यह कोशिश कुछ लोगों की राजनीतिक चाल है, जिसे चुनाव से पहले तनावपूर्ण माहौल बनाने के लिए एक राजनीतिक दल हवा दे रहा है, और यह किसी पार्टी की भागीदारी के बिना नहीं हो सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी की योजनाएं लोकप्रिय हैं और जनता उन्हें पसंद करती है, इसलिए ममता बनर्जी और बंगाल की जनता बीजेपी को करारा जवाब देगी।



विदित हो कि 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के 33 साल बाद इस घटना को लेकर सियासी घमासान मचा है। लेकिन क्या आपको पता है कि बाबरी मस्जिद जिस मुगल बादशाह बाबर के नाम पर मीर बाकी ने 1528 ईस्वी में रखी थी, वो किस मुल्क का रहने वाले थे। बाबर की 11 बीवियां और 20 संताने थीं। उसी में एक बेटा हुमायूं था, जिन्होंने उनकी जगह मुगल सल्तनत संभाली। उसके राज में अयोध्या समेत कई जगहों पर मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाने का दावा किया जाता है। लेकिन इसको लेकर भी काफी मतभेद हैं। जहां तक बाबर का सवाल है तो बाबर आज के उज्बेकिस्तान के रहने वाले थे। बाबर का जन्म 14 फरवरी 1483 को अंदिजान शहर में हुआ था। यह मशहूर फरजाना घाटी का इलाका है। उनके पिता उमर शेख मिर्जा फरजाना के शासक थे। बाबर का रिश्ता तैमूर (पिता के वंशज) और चंगेज खान (माता के वंशज) दोनों खानदानों से था। भारत में बाबर को मुगल साम्राज्य के संस्थापक के तौर पर देखा जाता है। लेकिन उज्बेकिस्तान में बाबर के बारे में नजरिया एकदम अलग है। उन्हें वहां एक नायक के तौर पर देखा जाता है। मालूम हो कि उज्बेकिस्तान के बाशिंदे बाबर को एक योद्धा से ज्यादा एक विद्वान और कवि के तौर पर याद करते हैं। बाबर की आत्मकथा बाबरनामा को उज्बेकिस्तान साहित्य (चगताई तुर्की भाषा) की बेहतरीन किताबों में से एक माना जाता है। उज्बेकिस्तान के स्कूल–कॉलेजों में बाबर की शायरी और साहित्य को पढ़ाया जाता है। तैमूर के बाद बाबर को उज्बेकिस्तान के बड़ी ऐतिहासिक शख्सियों में गिना जाता है। हिन्दुस्तान आने के बाद भी बाबर उज्बेकिस्तान को नहीं भूले और वहां अपनी किताब में उसका कई बार जिक्र किया। उज्बेकिस्तान के अंदिजान में बाबर के नाम पर बड़े पार्क और स्मारक हैं। उनकी वहां बड़ी–बड़ी मूर्तियां और संग्रहालय भी है। हर साल 14 फरवरी (बाबर का जन्म) उज्बेकिस्तान में कई कार्यक्रम होते हैं।

पिता की मौत से बाबर को कम उम्र में ही राजकाज संभालना पड़ा था। फरजाना उनके साथ से निकल गया। बाबर कुछ वक्त दुर्गम इलाकों में धूल फांकते रहे लेकिन उन्होंने सैनिकों को फिर एकजुट किया और 1502 में काबुल जीत लिया। फिर वफादार सिपहसालारों की मदद से पैतृक इलाका फरजाना और समरकंद भी वापस छीन लिया। लेकिन मध्य एशिया में खूंखार कबीलाई शासकों के बीच बाबर साम्राज्य फैला नहीं पाया। उस वक्त दिल्ली में सल्तनत वंश के शासकों की हालत डांवाडोल हो रही थी। लोदी वंश के सुल्तान इब्राहिम लोदी, अफगान और राजपूतों के बीच भी एकजुटता नहीं थी। इब्राहिम लोदी से ईर्ष्या रखने वाले उसके सिपहसालार आलम खान ने बाबर को हिन्दुस्तान आने का न्योता दिया और उसने दिल्ली का रुख किया। बाबर के भारत में कामयाबी में पानीपत युद्ध गेम चेंजर रहा। आलम खान और दौलत खान ने बाबर को पानीपत युद्ध में साथ देने का वादा किया। कुछ राजपूत राजाओं और कुछ अफगानी शासकों ने भी बाबर की हिमायत की। पानीपत का युद्ध 1526 में हुआ और दोगुनी फौज वाला इब्राहिम लोदी बाबर की कुशल रणनीति से दांव खा गया। उसने युद्ध में खुद की जान ले ली। राजपूत राजा संग्राम सिंह का मानना था कि बाबर दौलत के साथ काबुल वापस लौट जाएगा। लेकिन बाबर ने मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह को चुनौती दी और मार्च 1927 में खानवा युद्ध में हरा दिया। बाबर के पास छोटी तोपें और आधुनिक हथियार थे।

बाबर ने पंजाब, दिल्ली, बिहार और दूसरे इलाकों में मुगल साम्राज्य का विस्तार किया। बाबर के बेटे हुमायूं को 22 साल की उम्र में भीषण बीमारी ने घेर लिया। हकीमों ने भी जवाब दे दिया तो बाबर ने दुआ मांगी कि अल्लाह उसकी जान ले ले और बेटे को बचा ले। थोड़े वक्त में बाबर बीमार पड़ता गया और हुमांयू ठीक होता चला गया। बाबर की दिली ख्वाहिश के मुताबिक उसे काबुल में दफनाया गया। उनकी मौत के बाद हुमायूं मुगल बादशाह बना।

# वैवाहिक बलात्कार का मुद्दा-शशि थरूर की सरहानीय पहल



फरीद वारसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुआ राजकीय भोज कांग्रेस के लिए कहीं खुशी और कहीं गम वाला साबित हुआ। इस राजकीय भोज में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को न्यौता नहीं दिया गया। जिससे कांग्रेस बिफर पड़ी। और कांग्रेस की इस नाराजगी मे इजाफा उस वक्त हुआ जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर को इसी राजकीय भोज में शामिल होने के लिए न्यौता दिया गया। वैसे कांग्रेस सांसद शशि थरूर और मोदी सरकार सहित भाजपा से उनकी नजदीकीयां किसी से छिपी नहीं हैं। बहरहाल, कांग्रेस सांसद शशि थरूर राजकीय भोज में शामिल हुए। राजकीय भोज के बाद राष्ट्रपति भवन में ही कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मीडिया से बातचीत की। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि सरकार के साथ सहयोग करने का मतलब यह नहीं है कि वह अपने विश्वासों या सिद्धांतों से समझौता कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अलग–अलग दलों के नेताओं का एक मंच पर आना लोकतंत्र का हिस्सा है। सरकार और विपक्ष का मिल–जुलकर काम करना अच्छे लोकतंत्र की निशानी है। हम कुछ मुद्दों पर असहमत होते हैं कुछ पर सहमत होते हैं और जहां सहमति होती है, वहां मिलकर काम करना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने स्पष्ट किया कि उनका कांग्रेस छोड़ने का कोई इरादा नहीं है।



उन्होंने कहा कि एक सांसद के रूप में अपने निर्वाचन क्षेत्र की बेहतरी के लिए सरकार के साथ सहयोग करना जरूरी है और इसका राष्ट्रपति भवन में आयोजित रात्रिभोज से कोई संबंध नहीं है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, वर्तमान सरकार के साथ सहयोग करने से आप अपने विश्वासों को नहीं छोड़ते, बल्कि साझा आधार तलाशते हैं। यही लोकतंत्र है। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि वह अपने मतदाताओं के लिए काम करने में पूरी तरह जुटे हैं। विदेश मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि मतदाताओं के लिए उनका काम है और वे उनके प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। थरूर ने कहा, आज भी, रात के खाने पर बैठने से पहले हुई कुछ बातचीत में, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ कामों को अपनी सरकार के कुछ अधिकारियों के साथ करने की कोशिश कर रहा था। तो अपने लोगों, अपने मतदाताओं, अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम करने का यही तरीका है। यही राजनीतिक जिम्मेदारी है।

ज्हां तक कांग्रेस सांसद शशि थरूर का सवाल है तो वे इन दिनों न सिर्फ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुआ राजकीय भोज में शामिल होने के कारण चर्चा में बने हुए हैं बल्कि एक और कारण से भी वे सुर्खियों में बने हुए है। विदित हो कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में शामिल करने के प्रस्ताव वाला एक निजी विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बीते दिनों लोकसभा में पेश किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को अपने संवैधानिक मूल्योंको कायम रखना चाहिए। उन्होंने पत्नी से जबरन शारीरिक संबंध बनाने को मर्दो की क्रूरता करार दिया। थरूर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में डालने की तत्काल जरूरत है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन के लिए निजी विधेयक पेश करते हुए कहा कि भारत को अपने संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखना चाहिए और ना का मतलब ना से सिर्फ़ हां का मतलब हां होने की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विवाह महिला के सहमति देने या अस्वीकार करने के अधिकार का हनन नहीं कर सकता। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हर महिला को विवाह संबंध के दायरे में शारीरिक स्वायत्तता और गरिमा का मौलिक अधिकार मिलना चाहिए. अब कार्रवाई का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अगर पति पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है तो यह महिला की स्वायत्तता का अनादर है। यह नियंत्रण और लिंग–आधारित हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने वाला है। इसके साथ ही शशि थरूर ने दो अन्य गैर सरकारी विधेयक भी पेश किए जो व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता, 2020 में संशोधन तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुनर्गठन की सिफारिश केंद्र को करने के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुनर्गठन आयोग की स्थापना से संबंधित हैं।

# अयोध्या में विश्व स्तरीय संग्रहालय

Vयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद विश्व स्तरीय संग्रहालय निर्माण को मंजूरी दी गई है। द्रविड़ शैली में इसका निर्माण होगा। यह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। वर्ल्ड–क्लास मंदिर संग्रहालय तैयार होने के बाद जहां अयोध्या को नया सांस्कृतिक पहचान का केंद्र मिलेगा, वहीं बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे। पर्यटन विकास में यह प्राजेक्ट एक प्रमोटर की भूमिका निभाएगा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और अब ध्वजारोहण समारोह के बाद पर्यटकों का प्रवाह कई गुना बढ़ चुका है। अब रोजाना लगभग डेढ़ से 2 लाख पर्यटक अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। युवा पीढ़ी, विदेशी सैलानियों और भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले आगंतुकों को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में सांस्कृतिक आकर्षणों को बढाने की दिशा में यह संग्रहालय महत्वपूर्ण होगा। प्रमुख सचिव, पर्यटन अमृत अभिजात ने बताया कि अयोध्या में निर्मित हो रहा मंदिर संग्रहालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और अपने आप में अनूठा होगा। इसमें विरासत से प्रेरित वास्तुकला, समृद्ध पुस्तकालय और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसकी द्रविड़ शैली की संरचना पर्यटकों को विशेष अनुभव देगी। इस परियोजना के लिए टाटा कंपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली टीम का गठन करेगी।

प्रशासन ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी लेकिन, टाटा सन्स ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी। ऐसे में अब इस भूमि के अतिरिक्त 27.102 एकड़ जमीन और मिलाकर कुल 52.102 एकड़ भूमि का मुफ्त हस्तांतरण आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से पर्यटन विभाग के पक्ष में किया जाएगा। इससे परियोजना का दायरा और बड़ा किया जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या को विश्वस्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार से हरी झंडी मिल गई है। प्रतिष्ठित टाटा सन्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सहयोग से 52एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराया जाएगा। इसकी मंजूरी यूपी कैबिनेट ने दे दी है। टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की जिम्मेदारी ली है। विश्व स्तरीय संग्रहालय निर्माण के लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर–लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा। इसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। मंदिर संग्रहालय परियोजना के लिए भूमि आवंटन पर भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एमओयू 3 सितंबर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। लखनऊ में योगी कैबिनेट की गत दिनों अहम बैठक हुई। जिसमें अयोध्या में विश्वस्तरीय संग्रहालय बनाने का फैसला लिया गया। इसके अलावा टाउनशिप बसाने के नियम में बदलाव समेत कुछ अहम फैसले हुए। प्रदेश में इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति–2005 और 2014 के अधीन स्वीकृत और अब तक निष्क्रिय आवासीय परियोजनाओं को निरस्त करने व चालू करने का रास्ता साफ हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क ी अध्यक्षता में 2 दिसम्बर को हुई कैबिनेट की बैठक में आवास विभाग द्वारा रखे गए इससे संबंधित नीति के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई है। इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति–2005 और 2014 के तहत बिल्डरों को न्यूतम 25 एकड़ से लेकर 500 एकड़ में टाउनशिप विकसित करने के लिए विकास प्राधिकरण व आवास विकास परिषद के माध्यम से लाइसेंस दिया गया था। इस योजना में परियोजनाओं को आठ से लेकर 12 साल में पूरा करना था, लेकिन कई परियोजनाएं पूरी नहीं हो पाई और आवंटियों का पैसा फंस गया। आवंटियों के हितों को देखते हुए सरकार ने इस संशोधित नीति में बिल्डरों को बड़ी राहत देते हुए बिल्डरों को कई सहूलियत देने का फैसला किया है। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक, बिल्डर अब न्यूनतम 12.5 एकड़ क्षेत्रफल में भी टाउनशिप बसा सकतें हैं। पहले 2005 व 2014 की नीति में न्यूतम 25 एकड़ की भूमि की सीमा अनिवार्य रखा गया था। अब सरकार ने इस सीमा को घटा दिया है। बशर्ते भूमि सीमा घटने के बाद छोड़ी गई भूमि किसी थर्ड पार्टी को नहीं दी जाएगी। परियोजना क्षेत्र के बाहर 10 प्रतिशत क्षेत्र पर भी विकास की अनुमति दी जाएगी।

अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय अब 52.102 एकड़ में विकसित किया जाएगा। टाटा संस के सहयोग से बनने वाले इस संग्रहालय के लिए अयोध्या में संस्था को 27.102 एकड़ और भूमि निःशुल्क दिए जाने को भी कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। इससे यह संग्रहालय अब और भव्य क्षेत्र में आकार लेगा साथ ही इसकी कुल लागत 750 करोड़ से और अधिक बढ़ेगी। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि टाटा संस के सीएसआर फंड से अयोध्या में एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा जताई थी। इसके लिए कंपनी



एक्ट के तहत एक गैर–लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। अयोध्या में सांस्कृतिक आकर्षणों को बढाने की दिशा में यह संग्रहालय महत्वपूर्ण होगा। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद देश दुनिया के लोग यहां पर अपना आशियाना बनाना चाहते हैं और यहां पर रहना चाहते हैं। जिसको लेकर अयोध्या में जमीन के भाव में कई गुना वृद्धि भी हुई है। आलम यह है कि जमीन भी लोगों को मिल नहीं रही, तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार अयोध्या विकास प्राधिकरण लगातार आवासीय योजना भी लॉन्च कर रहा है। जहां बीते दिनों अयोध्या लखनऊ हाईवे पर स्थित वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना लॉन्च किया गया था। जिसमें लॉटरी के माध्यम से लोगों को आवास आवंटित किए गए हैं, तो वहीं अब एक बार फिर अयोध्या में अयोध्या बस्ती हाईवे पर आवासीय योजना लॉन्च करने की तैयारी तीव्र गति के साथ शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत अयोध्या बस्ती हाईवे पर नई आवासीय योजना विकसित की जाएगी। यह स्थल राम मंदिर से सिर्फ 5 किलोमीटर दूरी पर है, लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से 107 हेक्टेयर जमीन पर यह योजना विकसित की जाएगी। इसके लिए किसानों से जमीन खरीद और अधिग्रहण करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इसको लेकर सर्वे का सिलसिला भी तीव्र गति के साथ शुरू कर दिया है। अयोध्या बस्ती हाईवे पर इस आवासीय योजना में आवासीय और व्यावसायिक भूखंड उपलब्ध किए जाएंगे। यहां पर प्राधिकरण के द्वारा सड़क, नाली, बिजली, सीवर, जल की आपूर्ति के लिए टंकी स्कूल, स्वास्थ्य सेवा, अस्पताल और सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी का निर्माण भी किया जाएगा। इतना ही नहीं रिंग रोड बन जाने के बाद इस आवासीय योजना के लिए हाईवे के अलावा भी आवागमन सुविधा उच्च स्तरीय होगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडे के मुताबिक मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के लिए बजट स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। ¼fgQ½

# निर्वाचन की विश्वसनीयता कायम रखना बहुत जरूरी है

किसी सच्चे लोकतंत्र में एक स्वतंत्र, निडर और गैर–पक्षपाती लोकपाल के बिना निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। हमारी संवैधानिक व्यवस्था ने यही भूमिका भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को दी है। यदि यह धारणा बन जाए कि चुनाव आयोग की स्वायत्तता से समझौता किया जा चुका है तो पूरे तंत्र से भरोसा उठने लगेगा और चुनाव अपनी लोकतांत्रिक वैधता खो देंगे। चुनाव आयोग को अपनी मूल प्राधिकारी शक्तियां संविधान के अनुच्छेद 324 से मिलती हैं। यही प्रावधान संसद और विधानसभाओं के चुनावों के साथ–साथ राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनावों पर भी आयोग को 'पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण' का अधिकार देता है। 1950 से 1980 के दशक के आखिरी वर्षों तक अपने मूल स्वरूप में चुनाव आयोग एक–सदस्यीय संस्था थी, जिसके मुखिया मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। लेकिन अनुच्छेद 324 में कुछ अन्य निर्वाचन आयुक्तों की परिकल्पना की गई, जिन्हें समय–समय पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जा सके। 1989 में संसद ने कानून बनाकर आयोग को तीन सदस्यीय संस्था बना दिया। 12 दिसम्बर 1990 को टीएन शेषन के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के साथ ही निर्वाचन आयोग चुनावों की निगरानी का एक ताकतवर संस्थान बन गया। शेषन ने वोटरों को रिश्वत–शराब बांटने, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और धर्म–जाति के नाम पर वोट मांगने जैसी 150 से ज्यादा चुनावी गड़बड़ियों की पहचान की। उन्होंने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को सख्ती से लागू कर इसे फिर से प्रभावी बनाया। मतदाता पहचान पत्र को अनिवार्य किया, चुनाव खर्च की सीमा तय की और मतदान वाले राज्य से बाहर के चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने लगे। पहली बार स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया, जिससे चुनावों में बाहुबल का इस्तेमाल काफी मुश्किल हो गया। शेषन की निगरानी में हुए 1992 के चुनावों में गड़बड़ियों के चलते कुछ निर्वाचन क्षेत्रों का चुनाव तक रद्द कर दिया गया था। 1993 में चुनाव खर्च का ब्योरा न देने पर संसदीय चुनाव के 1488 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। शेषन ताकतवर राजनेताओं से टकराने में नहीं हिचकते थे।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने पेंशन शहीद रामाशीष का मनाया शहादत दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। रविवार को सांय 05 बजे अशोक लाट में अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने पेंशन शहीद डा रामाशीष के 9 वे शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या मे अटेवा के जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों सहित पेंशनविहीन साथी उपस्थित रहे। सभी लोगों ने कैंडल जलाकर डा रामाशीष की याद में कैंडल मार्च निकाला तत्पश्चात उनके चित्र पर माला और फूल अर्पित किए। इस दरम्यान सभी ने उनके चित्र के सम्मुख खड़े होकर पेंशन बहाली की शपथ ली और डा रामाशीष अमर रहे के नारे लगाए। प्रदेश संयुक्त मंत्री श्री वीरेंद्र पटेल ने डा साहेब को याद करते हुए कहा कि डा साहेब की कुर्बानी व्यर्थ नही जाएगी, पुरानी पेंशन अवश्य बहाल कराई जाएगी। जिला संयोजक जयनारायण श्रीवास ने डा साहेब पर पुष्प अर्पित कर कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन लेकर ही दम लेगा साथ ही 2010 से पूर्व शिक्षकों पर जमज नहीं लगने देगा। श्रद्धांजलि सभा को संयोजक जयनारायण श्रीवास महामंत्री धीरेन्द्र सिंह, जिला प्रवक्ता जेपी सिंह, डीसी श्रीवास्तव कुलदीप राणा आईटी सेल प्रभारी, राज सिंह, चंदन सिंह, डीके पटेल, आनंद सिंह, अल्का सिंह, आनंदन सिंह, जीतपाल, अलोक यादव, अश्वनी वर्मा, अशोक बुंदेला, निरंजन चक्रवर्ती, श्रीपाल प्रजापति, पिंकी राजपूत सहित सैकड़ों अटेवियंस उपस्थित रहे।

# सरकार के नाक के नीचे दरी फैक्ट्री में करोड़ों की वेतन चोरी

## - अखिर क्यों मजदूरों को दावत के एक निवाले से भी रखा दूर

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र से एक संगठित श्रम शोषण रैकेट का सनसनीखेज खुलासा हुआ है, जिसने प्रदेश की औद्योगिक निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला मधु इंडिया डेको लिमिटेड दरी फैक्ट्री (हीरपुर इकाई) से जुड़ा है, जहाँ सैकड़ों गरीब श्रमिकों की मेहनत की कमाई पर व्यवस्थित तरीके से डाका डालने और उनके साथ खुलेआम भेदभाव करने का आरोप लगा है। फैक्ट्री प्रशासन पर श्रम कानूनों के खुले उल्लंघन का सबसे बड़ा आरोप वेतन चोरी का है। कागजों पर श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 615 दर्ज है, लेकिन उन्हें वास्तविक भुगतान केवल 205 नकद किया जा रहा है। यानी दो–तिहाई से अधिक की सीधी चोरी। मशीन कारीगरों के साथ भी धोखारू मशीन कारीगरों को भी रिकॉर्ड



में दर्ज 800 की जगह मात्र 340 का भुगतान किया जा रहा है। करोड़ों की मजदूरी चोरी को छिपाने के लिए श्रमिकों को बैंक खातों की जगह केवल नकद भुगतान किया जाता है, और उन्हें आईडी कार्ड भी नहीं दिए जाते, ताकि वास्तविक पहचान और संख्या छिपाई जा सके। बीते दिन फैक्ट्री में हुए भव्य भोजन दावत कार्यक्रम ने फैक्ट्री प्रशासन के दोहरे मापदंड को उजागर कर दिया। कार्यक्रम में कई बड़ी हस्तियां और मधु इंडिया डेको लिमिटेड की मालकिन मधु गुप्ता भी मौजूद थीं। फैक्ट्री प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च किए इस भव्य कार्यक्रम में मजदूरों को एक निवाला भी खिलाने से परहेज किया। आश्चर्य की बात यह है कि फैक्ट्री के किसी भी मजदूर को कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश तक नहीं दिया गया। फैक्ट्री प्रशासन द्वारा कभी भी किसी कार्यक्रम में मजदूरों को प्रवेश नहीं दिया जाता और उनके साथ भेदभाव किया जाता रहा है। जिस दिन फंक्शन होता है, उच्च अधिकारियों के मित्र, रिश्तेदार और मोहल्ले वाले एक साथ मिलकर महंगे पकवानों का लुत उठाते हैं, जबकि मजदूरों को छुट्टी दे दी जाती है। 24 घंटे चलने वाली इस फैक्ट्री में स्टाफ के लिए अलग स्टाफ मिस है, वहीं श्रमिकों को बेहद खराब और घटिया क्वालिटी का भोजन लेबर मिस में दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार, बीते कई वर्षों में मधु इंडिया डेको लिमिटेड द्वारा बार–बार नाम बदलने के पीछे एक बड़ा राजश्और करोड़ों की मजदूरी चोरी को श्रम विभाग की नजरों से छिपाने की साजिश हो सकती है। दो तरह के श्फॉर्म–12 फैक्ट्री प्रशासन श्रम विभाग को गुमराह करने के लिए दो तरह के फॉर्म 12 का इस्तेमाल कर रहा है। मजदूरों की 15 दिन की हाजिरी को रिकॉर्ड्स में चालाकी से केवल 6 से 7 दिन ही दर्शाया जाता है। इस अटेंडेंस हेराफेरी का सीधा असर उनके पीएफ और भविष्य निधि जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों पर पड़ रहा है। इतने व्यापक स्तर पर श्रमिकों का शोषण, प्रदेश सरकार और संबंधित श्रम विभाग की उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मजदूर संगठनों ने सरकार से तत्काल इस श्रम लूट की उच्च–स्तरीय जाँच करने और फैक्ट्री के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है ताकि गरीब श्रमिकों को उनका मेहनताना और हक मिल सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम वैन सोहलिया के मजरे लोनियन पुरवा में बीती रात एक 26 वर्षीय विवाहिता पूनम देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतका पूनम देवी के मायके पक्ष से पिता रामकिशुन (निवासी संगतटोला, तम्बौर) तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने थानगांव पुलिस को एक तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने पूनम की मौत का कारण मारपीट बताया है और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने आरोपों के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं, मृतका पूनम के ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि पूनम देवी पिछले कई सालों से बीमार थीं। उनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा से चल रहा था। ससुराल वालों के अनुसार, डॉक्टरों ने पूनम के फेफड़ों में पानी और अन्य गंभीर बीमारियों की जानकारी दी थी। इस मामले में थानगांव थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण लंबी बीमारी प्रतीत हो रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह और स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। पूनम देवी की शादी करीब 10 साल पहले लोनियनपुरवा निवासी अरविंद पुत्र पांचू से हुई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# गन्ना मिल में दो ट्रैक्टरों के बीच दबने से किसान की मौत



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। थाना रामकोट क्षेत्र स्थित जवाहरपुर चीनी मिल परिसर के बाहर गन्ना लेकर पहुंचे एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक हादसा उस समय हुआ जब गन्ना उतारने के लिए दो ट्रैक्टरों के बीच बंधी रस्सी को खोला जा रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से किसान दोनों ट्रैक्टरों के बीच बुरी तरह दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मची अफरा–तफरी यह गंभीर हादसा होते ही मिल परिसर में हड़कंप मच गया और मौके पर अफरा–तफरी की स्थिति बन गई। मृतक युवक की पहचान हेमराज निवासी मीरनगर, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के रूप में हुई है। ऐसे हुआ हादसा बताया जा रहा है कि हेमराज अपने गांव के ही मुकेश के साथ गन्ना लेकर जवाहरपुर चीनी मिल आया था। मुकेश अपनी ट्रॉली पर गन्ना लेकर मिल परिसर में पहुंचा था। गन्ना उतरवाने के दौरान दो ट्रैक्टरों के बीच रस्सी बांधी गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी रस्से को खोलने के दौरान अचानक असंतुलन बिगड़ गया और हेमराज दोनों ट्रैक्टरों के बीच फंसकर कुचला गया। हादसा इतना भीषण था कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही हेमराज ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने लगाया आरोप, पुलिस कर रही जांच घटना की सूचना मिलते ही मिल प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। थाना रामकोट पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक हेमराज के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और उन्होंने ट्रैक्टर चालक मुकेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस अचानक हुए हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम .ष्टया यह मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# सिधौली में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का चाबुक

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। कस्बे के तहसील रोड पर बढ़ते अवैध अतिक्रमण



को हटाने के लिए प्रशासन अब सख्त हो गया है। रविवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राखी वर्मा की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों और व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में अधिकारियों ने व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे तीन दिन के भीतर स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं किया गया, तो बुधवार से अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात और आमजन की परेशानी दूर करने पर जोर अधिकारियों ने बताया कि कस्बे में अनियंत्रित अतिक्रमण के कारण यातायात और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने साफ किया कि नगर पंचायत की नाली के बाहर सामान रखने, ठेले–खोमचे लगाने या सड़क पर वाहन खड़ा कर अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने सभी व्यापारियों से सार्वजनिक मार्गों को बाधित न करने की अपील की है। व्यापारियों ने दिया सहयोग का आश्वासन प्रशासन की सख्त अपील पर व्यापारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया है और स्वयं अतिक्रमण हटाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे निर्धारित समय–सीमा के भीतर अपने–अपने अतिक्रमण हटा लेंगे। बैठक में चेयरमैन गंगाराम राजपूत, क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, कोतवाली प्रभारी जयेन्द्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश नारायण रस्तोगी, आचार्य मनीष पांडे, पुष्कर गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांसद को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा टेट अनिवार्यता और सेवा शर्तों में छेड़छाड़ के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों और पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष चित्रकूट अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में बांदा चित्रकूट सांसद .ष्णा शिवशंकर पटेल को ज्ञापन सौंपा गया और उनसे इस गंभीर तथा जीवन मरण के मामले को लोकसभा में रखने का अनुरोध करते हुए उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने एवं पदोन्नति हेतु टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने हेतु शिक्षकों का पक्ष संसद में रखने का अनुरोध किया गया। सांसद को बताया गया कि भारत का राज पत्र संख्या 39 27 अगस्त 2009 के द्वारा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया। इस अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत अधिनियम के प्रभाव में आने की तिथि तथा उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती हेतु न्यूनतम अहर्ताएं निर्धारित की गई। जिनको पूर्ण करते हुए शिक्षक का पद ग्रहण किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 1385/2025 में 01 सितंबर 2025 में दिए गए निर्णय के अनुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता टेट दो वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया तथा ऐसा न होने पर अनिवार्य सेवा निवृत्ति दे दी जाएगी जो कि न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 के पूर्व और उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति हेतु टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अंतिम परिणाम मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। ज्ञापन के समय पूर्व जिलाध्यक्ष शिवरतन सिंह चौहान जिला मंत्री प्रजीत सिंह, जिला मंत्री चित्रकूट श्रीनारायण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बांदा रमाशंकर यादव, सहित जनपद बांदा और चित्रकूट के सभी ब्लॉक के अध्यक्ष, मंत्री, संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंत्री, जनपदीय पदाधिकारी, ब्लॉक स्तरीय, तहसील स्तरीय पदाधिकारी सहित मातृ शक्ति की भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम व्यवस्था का नेतृत्व ब्लॉक बबेरू और कमासिन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

# हेल्थ केयर पैथोलाजी की फर्जी रिपोर्ट ने मरीज को सकते में डाला

## - गलत हीमोग्लोबिन रिपोर्ट से युवक को बताया हार्ट अटैक का खतरा

## - सदमे में बिगड़ी तबीयत, जान जाते-जाते बची

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में स्थित एक निजी पैथोलॉजी लैब हेल्थ केयर पैथोलॉजी पर एक चौंकाने वाला आरोप लगा है। जलालपुर निवासी राजेश गिरी (पुत्र मुन्नूलाल) ने पैथोलॉजी पर जानबूझकर गलत जांच रिपोर्ट जारी करने का आरोप लगाया है। जिसके चलते उन्हें गंभीर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। बताते चलें कि 13 अक्टूबर को राजेश गिरी की तबीयत अचानक खराब हुई। जिसके बाद डॉक्टर की सलाह पर उन्होंने सिधौली, महमूदाबाद रोड स्थित हेल्थ केयर पैथोलॉजी ईदगाह चौराहा निकट भंडिया पर अपनी रक्त जांच कराई। पैथोलॉजी द्वारा जारी रिपोर्ट में प्रार्थी का हीमोग्लोबिन स्तर चौंकाने वाला 18.1 दिखाया गया। रिपोर्ट सौंपते हुए पैथोलॉजी कर्मियों ने राजेश गिरी को धमकाते हुए कहा कि आपको सही से इलाज कराना होगा। नहीं तो कभी भी हृदयाघात या लकवा हो सकता है। गलत रिपोर्ट का खौफ और इलाज का बोझ इस डरावनी रिपोर्ट और चेतावनी के आधार पर राजेश गिरी अत्यंत घबरा गए और तुरंत गंभीर इलाज करवाना शुरू कर दिया। रिपोर्ट की गंभीरता के कारण उन्होंने कर्ज लेकर भी इलाज कराया। दुर्भाग्य से, गलत रिपोर्ट के कारण शुरू किए गए उपचार ने उनकी सेहत को सुधारने के बजाय और अधिक बिगाड़ दिया। सच्चाई आई सामने जब उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई, तो प्रार्थी ने दूसरे जांच केंद्र पर पुनः अपनी जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट सामान्य निकली। इसके बाद एक कानपूर के अस्पताल में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि हेल्थ केयर पैथोलॉजी की पहली रिपोर्ट पूरी तरह से गलत थी। डॉक्टरों ने बताया कि उस गलत रिपोर्ट के आधार पर हुए इलाज के कारण प्रार्थी की जान जाने से बाल–बाल बची है। पीड़ित को हुआ भारी नुकसान राजेश गिरी के अनुसार, गलत रिपोर्ट और उससे उत्पन्न हुए खौफ के कारण उन्हें मानसिक आघात, शारीरिक कष्ट, और कर्ज का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। यह घटना स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही के गंभीर सवाल खड़े करती है, जहाँ एक छोटी सी गलती मरीज की जान ले सकती थी।

# खेत से लौट रही बुजुर्ग महिला को डायल 112 वाहन ने रौंदा, लखनऊ रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। थाना तालगांव क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिलहरी गांव में खेत से काम निपटाकर अपने घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला राजकुमारी (पत्नी जसकरण) को एक तेज रतार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला हुई बेहोश प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों की मदद से घायल महिला को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। महिला की हालत बेहद नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया है। बताया गया है कि राजकुमारी सड़क पार कर रही थीं, तभी अचानक तेज गति से आए वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग महिला दूर जा गिरीं और मौके पर ही बेहोश हो गईं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। हादसे से आहत महिला के बेटे अखिलेश ने अत्यंत गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि टक्कर मारने वाला वाहन कोई आम गाड़ी नहीं, बल्कि डायल 112 पुलिस का वाहन था, जो टक्कर मारने के बाद मौके से रुका तक नहीं और फरार हो गया। अखिलेश का आरोप है कि यदि पुलिस वाहन समय रहते रुककर घायल को अस्पताल पहुंचा देता, तो शायद महिला की स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। परिजनों का यह भी कहना है कि पुलिस वाहन की पहचान होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि जांच के बाद दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर को लेकर सपा ने हर बूथ पर नियुक्तकिए बीएलए




न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त मतदाताओं के नाम उनकी मतदाता सूची में चेक करने हेतु वर्तमान समय में चलाई जा रही एस०आई०आर० यानि मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण प्रक्रिया के संबंध में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी द्वारा प्रदेश की समस्त विधानसभा में प्रत्येक बूथ पर एक–एक बी०एल०ए० नियुक्त किए गए थे, जिनकी नियुक्ति का उद्देश्य उनको पीडीए प्रहरी बनाकर उन्हें अपने–अपने बूथों पर तैनात बीएलए द्वारा एस०आई०आर० गणना प्रपत्र जमा कराने की कार्रवाई की जांच करना और प्रत्येक मतदाताओं के एसआईआर फार्म सही–सही भरवाने के साथ उनकी सही फीडिंग भी कराना था। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र 146 सीतापुर सदर से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल व उनके पुत्र एवं प्रतिनिधि व सपा नेता सचिन जायसवाल ने पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए सभी बी०एल०ए० को बूथ स्तर पर पी०डी०ए० प्रहरी के रूप में काम करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पी०डी०ए० प्रहरी वाहनों के चालकों को सम्मानित करते हुए सभी पी०डी०ए० प्रहरी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र 146 सीतापुर सदर के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से अताउल्लाह अंसारी जिला सचिव, शिवम सिंह जिलाध्यक्ष छात्र सभा, रेहान खान नगर अध्यक्ष खैराबाद, मंशादीन यादव उर्फ बहादुर यादव विधानसभा अध्यक्ष, तौकीर हुसैन खान उर्फ जुनैद खान पूर्व सभासद खैराबाद, मनोज भारती जिला सचिव, मोहम्मद सैफ उर्फ अनस खान जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड, अजीत यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मोहम्मद बिलाल अंसारी जिला सचिव, योगेंद्र तिवारी पप्पू जिला सचिव, रईस अहमद, शरीफ अहमद, फिरोज अहमद, मोहम्मद जावेद अंसारी, सरताज खान एडवोकेट, मोहम्मद हाशिम इदरीसी, दीपक रावत, अरशद खान, महेश जैसवाल, देवशंकर बाजपेई बीडीसी, असगर अली, राजेश शुक्ला, सतीश जायसवाल, नरेन्द्र मोहन, मो० शारिक सिद्दीकी, मोहसिन अंसारी, मोहम्मद जफर खान, मोहम्मद शेर शेरू लोहिया वाहिनी, रहीम खान रानू, राजेश जायसवाल, डॉ रजीउल्ला खान, सुधीर जायसवाल पूर्व सभासद, सोहेल अहमद, जगदीश राजवंशी, रमाकांत राजवंशी प्रधान, दिव्येंदु यादव लाली, कुलदीप यादव प्रधान, डॉक्टर जैनेंद्र जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष, फारूक अली पूर्व सभासद, शराफत अली ब्लॉक अध्यक्ष, विमल कुमार भार्गव मन्ना, मोहम्मद रफीक गाजी सभासद खैराबाद, रवि प्रकाश मिश्रा, अखिलेश यादव, रमजानी, अन्नू गाजी, सद्दाम हुसैन, जुबेर अख्तर, शाहबाज इलाही, नोमान बशीर, विकास यादव, इम्तियाज अली प्रधान, राकेश वर्मा, मोहम्मद सलीम नूरी, शमीम बेग पूर्व सभासद, रिजवान खान सभासद, कफील खान पूर्व प्रधान, कमलेश जायसवाल प्रधान, संजीव दीक्षित उर्फ बाबी, निर्मला शाह, संतोष शाह, जबूलाल शाह, रामऔतार भोजवाल, अनिल गुप्ता, प्रह्लाद जैसवाल, लालता प्रसाद पंत, मुबारक अली, डॉक्टर मोहम्मद तारिक खान, बहार खान, यजुर्वेंद्र सिंह यादव, शारिब खान, खालिद खान, मोहम्मद रफीक मिस्त्री, गुड्डू सलमानी, गंगाराम भार्गव, रामजीवन राजवंशी, हरिद्वारी लाल यादव, बनवारी लाल भार्गव, विक्रम बीडीसी, वैभव मिश्रा, संजय राजवंशी, मोहम्मद बासित अंसारी, शादाब खान, वीरपाल सिंह विक्कू, अनुभव सक्सेना डालू, अजय श्रीवास्तव, आकाश सिंह, सीमाब अता, विमलेश भार्गव, विक्की शर्मा, शफीक अहमद पूर्व सभासद, मुनेंद्र यादव, नमन यादव, मोहम्मद सलीम हांडा, मोहम्मद आसिफ, माथुर सिंह, मोहम्मद सलीम घोसी, सर्वेश विश्वकर्मा सभासद, रामखेलावन भार्गव पूर्व प्रधान, डाक्टर अंजेश कटियार, मोनू दीक्षित, याकूब गाजी प्रधान, छोटेलाल यादव बाबा जी आदि मौजूद रहे।

# सिसैया में बीते कई वर्षो से कराई जा रही यज्ञ

न्यूज वाणी ब्यूरो

तम्बौर, सीतापुर। बीते कई वर्षों से परम्परागत रूप से क्षेत्र के ग्राम सिसैया में कराई जा रही श्री विष्णुमहायज्ञ यज्ञ का आयोजन शनिवार को धूमधाम से शुरू हुआ। यज्ञ प्रारंभ होने से पूर्व गाँव से बैरागीपुर होते हुए शारदा नदी के तट तक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। नदी से पावन जल घट में भरकर भारी संख्या में श्रद्धालु वापस गॉव पहुंचे जहाँ यज्ञ हेतु बनाई गई यज्ञशाला में बैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवताओं का आवाहन कर हवन कुंड में अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। यह कार्यक्रम आगामी सातदिनों तक चलेगी जिसमें रोजाना प्रातः हवन यज्ञ तथा दोपहर व शाम विद्वानवक्ता प्रद्युम्न जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जायेगा। आयोजक हरीशंकर मौर्य ने बताया कि इस यज्ञ में मुख्य यजमान हीरालाल, अवधराम, रमेश कुमार व अखिलेश भार्गव शामिल होंगे।

# विश्व मृदा दिवस पर हुई स्वस्थ्य मिट्टी, स्वस्थ शहर की चर्चा




न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। .षि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं .षि रसायन विभाग द्वारा विश्व मृदा दिवस जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं .षि संगठन द्वारा साल 2014 में 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी थी। विश्व मृदा दिवस का उद्देश्य किसानों छात्रों तथा आम जनमानस में मृदा संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। इस वर्ष का कार्यक्रम स्वस्थ्य मिट्टी, स्वस्थ शहर थीम पर केन्द्रित था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा0 एसके सिंह ने कहा कि विभिन्न उद्योगों से निकलने वाला रसायनिक अपशिष्ट और पैकिंग करने की सामग्री मृदा स्वास्थ्य को सर्वाधिक नुकसान पहुँचा रहे हैं। साथ ही उन्होने कहा कि फसलों मेंभी रसायनिक उर्वरकों व अन्य रसायनों का उपयोग में भी संतुलन होना चाहिये। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य संकट को रेखांकित करते हुए कहा यदि मृदा का स्वास्थ्य में इसी तरह गिरावट होती रही तो आने वाले समय में स्वस्थ खाद्य सामग्री का वैश्विक संकट पैदा हो सकता है। डा0 जीएस पंवार, अधिष्ठाता .षि महाविद्यालय ने बताया कि मृदा जीवन का मूल आधार है। इसलिए मृदा की उर्वरता और जैव विविधता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से मृदा संरक्षण प्रणालियों को अपनाने का आग्रह किया। डा० नरेन्द्र सिंह, निदेशक प्रसासन एवं अनुश्रवण ने कहा कि मानव विकास एवं सभ्यताओं के विकास में मृदा स्वास्थ्य की भूमिका अतुलनीय है। वनों से मिट्टी ढ़के रहने पर अपरदन कम होता है तथा मिट्टी की उर्वरता संरक्षित रहती है। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर मृदा विभाग के विभागाध्यक्ष डा० जगन्नाथ पाठक ने कहा कि जिस प्रकार हमें जन्म देने वाली माँ है वैसे हम सबका पालन–पोषण करने वाली धरती माँ है। स्वस्थ धरती माँ के बगैर मनुष्य के स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी (फनप्र) एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नेहा कुमारी ने प्रथम और आशिक इकबाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि आरुषी चन्देल व अनुराग राजपूत को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मण्डल में डा० पुष्पा, डा० अनिकेत काल्हापुरे एवं डा० उमेश चन्द्रा रहे। इस अवसर पर डा० देव कुमार कार्यक्रम के आयोजन सचिव रहे। डा० ऐ.के. चौबे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर .षि निदेशालय, लखनऊ द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में विश्वविद्यालय स्तर से छात्र .ष्णानन्द यादव, देवेन्द्र सिंह, अर्पित यादव, आशुतोष व संगम तिवारी ने संवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रदेश की राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता में मृदा विज्ञान एवं .षि रसायन विभाग के शोध छात्र .ष्णानन्द यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश के .षि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया था।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सैफई पुलिस की जागरूकता पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सैफई पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम भागीपुर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित करते हुए सुरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर जागरूकता व महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की। महिला सुरक्षा को लेकर टीम ने 112, 1090, 181, 1930 समेत



कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों को याद रखने की अपील की। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवाओं के नंबर 102, 108 और उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 की जानकारी भी दी। अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं व छात्राओं को बताया कि सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। उन्हें सरकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने और सीखी गई जानकारी को परिवार व मित्रों के साथ साझा करने की भी सलाह दी। सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, और जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है।

# तेज रफ्तार कार मकान में घुसी, चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब तेज रतार कार अनियंत्रित होकर सीधे एक मकान में घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पलटकर चारों पहियों के बल ऊपर खड़ी हो गई। बताया जा रहा है कि कार की स्पीड लगभग 100 किमी/घंटा थी। हादसे में कार सवार चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद मकान का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल चालक को बाहर निकालकर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कार को मकान के अंदर उलटी अवस्था में खड़ा देखा जा सकता है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और वाहन को कब्जे में ले लिया है।

# चौबिया पुलिस ने ग्राम चौपुला में चलाया जागरूकता अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना चौबिया पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चौपुला में महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पंपलेट वितरण के साथ–साथ महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, स्वास्थ्य जागरूकता तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। अभियान में महिलाओं व किशोरियों को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित कई आवश्यक नंबरों को याद रखने और जरूरत पड़ने पर उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त टीम ने विभिन्न सरकारी योजनाओं विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नशा मुक्ति अभियान, छात्रवृत्ति योजना आदि के लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, जागरूक रहने तथा सीखी गई उपयोगी जानकारी को परिवार व मित्रों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया गया।

# अबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर बार एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला बार एसोसिएशन द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बार के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ–साथ सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनके द्वारा दिए गए अधिकारों और विचारों ने समाज के कमजोर वर्गों को नई दिशा और शक्ति प्रदान की है। अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे बाबा साहब के आदर्शों का पालन करते हुए समाज में न्याय और बराबरी के लिए कार्य करते रहेंगे।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब फतेहपुर ,सम्मान समारोह एवं पद वितरण का भव्य आयोजन

## जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी की अगुवाई में फतेहपुर टीम ने रचा इतिहास×राष्ट्रीय नेतृत्व ने जताया भरोसा



फतेहपुर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब फतेहपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं पद–वितरण कार्यक्रम रविवार 07 दिसंबर 2025 को अत्यंत गरिमामय और ऐतिहासिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने न केवल जिले की नई कार्यकारिणी को सशक्त आधार प्रदान किया बल्कि संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व की दूरदर्शिता, अनुशासन और संगठन–निर्माण की मूल भावना को भी सुदृढ़ रूप से स्थापित किया। कार्यक्रम में नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एम.डी. शर्मा जी तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री जागेश्वर फौजी जी के अनुमोदन पर फतेहपुर जनपद में नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शाह आलम वारसी द्वारा की गई। उनकी अगुवाई में कार्यक्रम आरंभ से अंत तक पूर्ण गरिमा, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ आयोजित हुआ।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कोर कमेटी से नवनियुक्त राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री जागेश्वर फौजी जी पहुंचे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सुदृढ़ कार्यशैली, विचारों की स्पष्टता और संगठन के प्रति निष्ठा के लिए पहचान रखने वाले जागेश्वर फौजी जी का भव्य स्वागत जिला टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एम. डी. शर्मा जी का विशेष संदेश भी पढ़कर सुनाया गया, जिसमें उन्होंने फतेहपुर टीम को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती धरातल पर काम कर रहे ऐसे ही समर्पित और साहसी पदाधिकारियों से होती है। उन्होंने फतेहपुर जिला इकाई को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि नेशनल मीडिया प्रेस क्लब का उद्देश्य मीडिया के क्षेत्र में पारदर्शिता, ईमानदारी और सामाजिक सरोकार को मजबूत करना है और फतेहपुर टीम इसका उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।समारोह में जिला टीम की सर्वसम्मति से फुजैल खान को जिला महासचिव, फिरोज खान को जिला विधि सलाहकार, अभिषेक कुमार शर्मा को खागा तहसील अध्यक्ष तथा शाहरुख अहमद को जिला सदस्य के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नव–नियुक्त पदाधिकारियों को मंच पर बुलाकर प्रमाणपत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने उन्हें बधाई दी और अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के नियम, अनुशासन, और निर्धारित आचार संहिता के अनुसार कार्य करने का संकल्प लिया।जिला अध्यक्ष शाह आलम वारसी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का वास्तविक विस्तार मन, वचन और कर्म की ईमानदारी से होता है। उन्होंने बार–बार यह दोहराया कि संगठन में कोई भी जिम्मेदारी सिर्फ पद नहीं बल्कि एक पवित्र उत्तरदायित्व है जिसे निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के भीतर किसी प्रकार का भ्रम, विवाद या प्रश्नवाचक स्थितियाँ केवल नुकसान पहुँचा सकती हैं, इसलिए सभी सदस्यों को आपसी संवाद, सहयोग और एकता के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि हर महीने की वर्चुअल मीटिंग में समय से उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा ताकि प्रत्येक साथी की समस्या का त्वरित निस्तारण संभव हो सके। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रत्येक पदाधिकारी हर माह कम से कम दो से तीन नए सदस्यों को जोड़ें क्योंकि संगठन की ताकत बढ़ाने का यह सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने यह स्पष्ट चेतावनी भी दी कि राष्ट्रीय कोर कमेटी द्वारा जारी आदेशों और दिशा–निर्देशों का पालन हर सदस्य के लिए अनिवार्य है और इनका उल्लंघन किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मुख्य अतिथि जागेश्वर फौजी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने फतेहपुर टीम को सिर्फ संगठन की इकाई के रूप में नहीं बल्कि अपने परिवार की तरह गोद में लिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी साथी को कोई समस्या या कठिनाई होती है तो वह पहले जिला अध्यक्ष शाह आलम वारसी से संपर्क करें, और यदि समाधान जिला स्तर पर संभव न हो तो वे स्वयं राष्ट्रीय स्तर पर उसका समाधान कराने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने फतेहपुर जिले के पदाधिकारियों की कार्यशैली, एकता और जमीन पर सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह टीम पूरे प्रदेश में संगठन का सबसे मजबूत स्तंभ बनने की क्षमता रखती है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनका फौजी कंप्लेक्स बडननपुर चौराहा, गाजीपुर रोड, फतेहपुर,संगठन की किसी भी बैठक, प्रशिक्षण,कार्यक्रम या आवश्यक गतिविधि के लिए पूर्णतः निरूशुल्क उपलब्ध रहेगा, जिससे जिले के पदाधिकारियों व सदस्यों को एक स्थायी और सम्मानित कार्यस्थल की सुविधा मिल सकेगी।

पूरे कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी की कार्य कुशलता,संयम और नेतृत्व क्षमता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उन्होंने न केवल पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हर व्यक्ति को यह समझ में आए कि पद का सदुपयोग अत्यंत आवश्यक है और उसके दुरुपयोग की कोई भी संभावना संगठन की भावना के खिलाफ है। उन्होंने जिले की टीम को यह भी संकल्प दिलाया कि हर सदस्य पत्रकारिता की मर्यादा, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और संगठन के सिद्धांतों का पालन करते हुए कार्य करेगा।समारोह के अंत में सभी सदस्यों ने एक स्वर में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर जागेश्वर फौजी राष्ट्रीय संगठन मंत्री, शाह आलम वारसी जिला अध्यक्ष फतेहपुर,शराफत खान वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष, विवेक कुमार सैनी जिलाउपाध्यक्ष, मोहम्मद हारुन जिला उपाध्यक्ष, उस्मान खान जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद फुजैल खान जिला महासचिव, शिवकुमार तहसील महासचिव, संतोष कुमार प्रजापति मीडिया प्रभारी, अनु वर्मा जिला प्रवक्ता, श्याम स्वरूप गुप्त जिला प्रचार मंत्री, एड.फिरोज खान जिला विधि सलाहकार,नियाज खान, शाहरुख अहमद सदस्य जिला कार्यकारणी सदस्य सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, 40 लाख के आभूषण बरामद



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरतार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किये गये सोने व चांदी के आभूषण (अनुमानित कीमत 40 लाख रूपये) बरामद किए गए। बताते चलें कि 06 दिसंबर को बिहारी लाल तिवारी पुत्र श्रीनारायण शास्त्री निवासी पंजाबी कालोनी करमगंज द्वारा थाना कोतवाली पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा उनके घर से आभूषण से भरी अटैची चोरी कर ली गयी। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 286/2025 धारा 305(।) बीएनएस पंजी.त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये घटना के सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना कोतवाली से पुलिस टीमों का गठन किया गया। जनपद में अपराध, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरतारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में लगे लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। 06/07 दिसंबर की रात्रि को एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत टीटी तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति धूमनपुरा पुलिया के पास बने काली माता मन्दिर पास पिट्ठू बैग लिये खड़ा है जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये एक व्यक्ति को धूमनपुरा पुलिया के पास से पकड़ लिया गया। पकड़े गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करते हुये उसकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से भारी मात्रा में सोने एवं चांदी के आभूषण बरामद किये गये। बरामद आभूषण के संबंध में पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसकी दोस्ती वादी के बच्चों के साथ थी जिस कारण वह उनके घर मेंआता जाता था। उसको जानकारी थी कि अटैची में सोने–चाँदी के आभूषण रखे हैं। तीन दिसंबर को बिहारीलाल के घर में कोई नही था जिसका फायदा उठाकर मैंने आभूषण से भरी अटैची को चोरी कर आभूषणों को अटैची से निकाल कर अपने पास रख लिये था और अटैची को तोड़कर फेक दिया था। 05 दिसंबर को मेरी शादी थी। शादी के बाद मैं आभूषणों को बेचने की फिराक में जा रहा था और पकड़ा गया। अभियुक्त ने अपनी शादी के 02 दिन पूर्व घटना कारित की जिससे उस पर किसी का शक न जाये। उक्त गिरतारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली पर पंजी.त मु0अ0सं0 286/2025 धारा 305(ए) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी गिरतारी करने वाली प्रथम टीम में एसओजी, सर्विलांस व द्वितीय टीम निरी0 यशवंत सिंह प्रभारी थाना कोतवाली, उ0नि0 विश्वनाथ आर्या, उ0नि0 दयानन्द पटेल, हे0का0 बिलाल अहमद, का0 विकास शाक्य शामिल रहे। घटना का अनावरण एवं गिरतारी करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25000 रुपये से पुरस्त किया गया है।

# राजकीय इंटर कालेज मरका में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज कस्बा मरका में छात्र–छात्राओं के साथ शक्ति संवाद किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति व साइबर अपराध सम्बन्धित पेंटिंग बनाकर लोगो को जागरुक करने का संदेश दिया गया। साथ ही छात्र–छात्राओं को बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, व अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 चाइल्डलाइन हेल्प नंबर, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे आवश्यकता पड़ने पर आप सब तुरन्त सहायता प्राप्त कर सकें। उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता–पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था।

# 565 ग्राम गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन के दौरान अभियुक्त अजमत पुत्र औसाफ निवासी अजमेरी गेट अलवी कब्रिस्तान थाना रामगढ़ को 565 ग्राम अवैध गांजे के साथ बरी चौराहा फतेहाबाद रोड़ से गिरतार किया गया।

# भारत-नेपाल सीमा पर 22 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कमांडेंट 59 वाहिनी कैलाश चंद रमोला के दिशा निर्देशन के अनुसार सीमा चौकी लौकाही से उप निरीक्षक (सामान्य) दीपक थापा के साथ 05 अन्य कार्मिक, श्वान रॉक, स्थानीय पुलिस थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अनिल यादव तथा 04 अन्य कार्मिक के साथ भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त करते हुए सीमा स्तंभ संख्या 667 की तरफ जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को सामने आता देख वह व्यक्ति घबराय गया और भागने की कोशिश करने लगा, परंतु गश्ती दल ने तुरंत घेरावंदी करके उसे पकड़ लिया और उससे भागने का कारण एवं नाम–पता पूछा। इस पर उस व्यक्ति ने अपना नाम रितेश कुमार पुत्र उमेश मझगवा थाना मोतीपुर बताया। गश्ती दल द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास नशीला पदार्थ स्मैक है और इसी कारण वह भाग रहा था। गश्ती दल कमांडर द्वारा इसकी सूचना तुरंत कोमिरे प्रदीप गोंड सहायक कमांडेंट को दी गई। सूचना मिलते ही उक्त अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनकी उपस्थिति में पकड़े गए व्यक्ति की जमा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान व्यक्ति द्वारा पहने पैंट के दाहिनी जेब से प्लास्टिक की एक छोटी पोटली बरामद हुई। पोटली खोलने पर उसमें स्मैक पाया गया, जिसकी पुष्टि श्वान रॉक द्वारा भी की गई। उक्त अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, को सुपुर्द कर दिया गया।

# जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर ब्लाकों में खुलेगे पशु औषधि केन्द्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। .षकों की आय को दोगुना करना केन्द्र व प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार द्वारा जन औषधि केंद्र की तर्ज पर ब्लाक स्तर पर पशु औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य है कि पशुपालकों को कम कीमत में उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध हो सकें। देखने में आता है अब तक पशु दवाओं का एक बड़ा हिस्सा निजी बाजारों पर निर्भर है। खुले बाजार से दवाओं की खरीद करने पर पशुपालकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। जिससे तमाम लोग इस खर्च नहीं उठा पाते हैं। पशु औषधि केन्द्र योजना के धरातल पर क्रियान्वित होने से न केवल उपचार लागत घटेगी। बल्कि पशुधन संरक्षण व डेयरी क्षेत्र को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा भी मिलेगा। सरकार का यह निर्णय श्वेत क्रान्ति की दिशा में गेम चेन्जर साबित होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि योजना हेतु केन्द्रीय स्तर से पोर्टल पशुऔषधि डाट डीएएचडी डाट जीओवी डाट इन शुरू किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी जिनके पास कम से कम 120 वर्ग फीट स्थान उपलब्ध है, फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाणपत्र, ड्रग लाइसेंस के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का शुल्क रू. 5000 निर्धारित है। आवेदन पत्रों की की जांच के साथ उचित स्थान व निरीक्षण की प्रक्रिया विभागीय अधिकारियों द्वारा की जायेगी। सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि पशु औषधि केंद्र खुलने के बाद पशुपालकों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां पर पशुओं के लिए एंटीबायोटिक, विटामिन, हार्मोनल इंजेक्शन, प्राथमिक उपचार किट व पशु टीकाकरण से संबंधित दवाएं सस्ती कीमत पर मिल सकेंगी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैंसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद | हाजी खलील अहमद जाफरी | एफ.ए.जाफरी
जी.टी. रोड, फतेहपुर | सम्पादक कारवाने हक | D.R. (Opt.)
MBBS. (H) P.M.P | 9415065313 | 7379440876

# डीएम को लैग लगाकर मनाया झण्डा दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह को कर्नल एवं जिला सैनिक कल्याण



एवं पुनर्वास अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा के अलावा स्टाफ ने लैग लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया। जिलाधिकारी ने स्मारिका पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अविनाश त्रिपाठी को भी लैग लगाया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों तथा सेवारत सैनिकों के कल्याण के लिए अधिक से अधिक धनराशि एकत्रित करने हेतु अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# 1857 की क्रांति के जनक मातादीन की मनाई जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बीआर अंबेडकर समिति व अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ खागा के तत्वाधान में 1857 क्रांति के जनक मातादीन की जयंती अंबेडकर पार्क खागा में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिठाई लाल पूर्व वरिष्ठ लिपिक विशिष्ट अतिथि सैकूराम चौधरी व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम प्रसाद ने किया। संचालन ज्ञान्देंद्र एडवोकेट ने किया।रमेश ने कहा कि 1857 के जनक मातादीन रहे। जिन्होंने 1857 की जंग में अग्रणी भूमिका निभाई। सामाजिक कार्यकर्ता धीरज कुमार ने कहा कि मातादीन जी मेरठ छावनी में काम करते थे। इनके अंदर भी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की ज्वाला धधक रही थी। इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया इसके उपरांत मातादीन जी को फांसी दे दी गई। मनोज कुमार पूर्व प्रधान कौशांबी ने कहा कि हमारे इतिहास को छुपाया गया जरूरत है अपने इतिहास को जानने की उनकी जयंती को समाज में मनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम संयोजक दिनेश बाल्मीकि ने कहा कि 1857 की क्रांति में मातादीन जी ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। मंगल पांडेय से पहले इनको फांसी दे दी गई थी। कार्यक्रम में दिनेश बाल्मीकि, रमेश, राम प्रसाद, शिव शंकर बाल्मीकि रायबरेली, सैकूराम, सोनू, सोनू, संतोष, सुरेंद्र कुमार, बबलू, ज्ञान्देंद्र, संजय आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने की एसआईआर समीक्षा बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने खागा स्थित ठा. दरियाव सिंह सभागार में गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर अभियान की जिला टोली के साथ बैठकर समीक्षा की। जिसमें विधानसभावार अब तक के कार्य प्रगति को जांचा परखा। वहीं आगे संगठन की मंशानुरूप योजनाओं पर कार्यकर्ताओं को लगने के दिशा–निर्देश दिए।

श्री गिरि ने कहा कि अब हमें और भी सजगता से इस राष्ट्रीय कार्य में सार्थक योगदान देना है। वह खागा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 50 बहादुर भी गये। जहां उपस्थित बीएलओ से बूथ पर किये गये कार्य विषय पर विमर्श किया गया। साथ में उपस्थित स्थानीय विधायक .ष्णा पासवान ने बीएलओ से कहा कि जहां भी उन्हें हमारे सहयोग की आवश्यकता हो बतायें। भाजपा कार्यकर्ता सकारात्मक सहभागिता निभायेंगे। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने प्रदेश मंत्री शंकर गिरि को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्तमान में संगठन के दिशा–निर्देश पर सभी विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं द्वारा मनोयेग से एसआईआर कार्यक्रम में सहयोग दिया जा रहा है और वह अभियान समाप्ति तक जारी रहेगा। जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगठन की मंशानुरूप कार्य समय से सफलतापूर्वक पूर्ण होंगे। इस दौरान बैजनाथ वर्मा, अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी, उदय लोधी, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, दुर्गाशंकर गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, विमलेश पांड्येय, बच्चा तिवारी, विवेक श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी का खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरतार कर लिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। बिन्दकी पुलिस ने मु0अ0स0–427/25 धारा 305/331(4) से संबंधित वांछित अभियुक्त अमन पुत्र रज्जन निवासी हरीखेडा थाना बिन्दकी को मुखबिर की सूचना पर गिरतार कर लिया। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 28515 रूपए, एक मोटरसाइकिल व एक दुकान के शटर की चाभी बरामद की है। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अफजाल अहमद व कुलदीप सिंह शामिल रहे।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहा प्रशासन

**- मांगों को लेकर शीघ्र ही एसपी से मुलाकात करेंगे पूर्व सैनिक**

**- करवा चौथ का व्रत रखने वाले पति-पत्नियों को दिया प्रशस्ति पत्र**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक सूबेदार मेजर बीबी तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम 2025 में जिन पति–पत्नियों ने एक साथ करवा चौथ का व्रत किया था, उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। ग्राम गाजी खेड़ा के पूर्व सैनिक जगदेव पाल के विरुद्ध कुछ लोगों ने झूठा मुकदमा पंजी.त कराने का प्रयास किया। जिस पर संगठन पूरी तरह जांच करके पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे। इसी प्रकार कबीरपुर ग्राम के



फौजी हवलदार शिवशरण यादव के साथ ग्राम के ही एक माफिया ने आठ नवंबर को मारपीट की थी। जिससे फौजी की चार पसली टूट गई थीं। पुलिस ने मेडिकल कराने के बावजूद भी दो दीवान स्तर के पुलिस वालों के कारण मुकदमा पंजी.त नहीं किया। अध्यक्ष को जब एक दिसंबर को फौजी ने बताया। तब अध्यक्ष ने स्वयं हस्तक्षेप करके मामला थाना प्रभारी के संज्ञान में लाए। जिस पर उनके आदेश पर मुकदमा पंजी.त किया गया। इस मामले में एसपी से मिलकर पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी न्यायिक जांच करवाए जाने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर कर्नल विक्रम डोडोपकर, कर्नल विनोद तिवारी, सूबेदार मेजर सत्येंद्र सिंह, कमांड हेडक्वाटर लखनऊ ने फौजियों को संबोधित किया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी, सरोज शर्मा, किरण अवस्थी, सूबेदार, प्यारेलाल, विमलेश त्रिवेदी, राजेश शुक्ला, राजकुमार तिवारी, प्रेम सागर शुक्ला, अनिरुद्ध सिंह, भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, सत्येंद्र कुमार पांडेय, विनोद कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्ण आयोग का गठन करे सरकार : सर्वेश पाण्डेय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय का एक दिवसीय जनपद प्रवास जिला मुख्यालय स्थित प्रेक्षागृह में हुआ। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सवर्णों की एकता पर बल देते हुए कहा कि अब समय आ गया है ऐसे लोगों को बेनकाब करने का जो जातिवाद फैलाकर सवर्ण समाज को कमजोर करना चाहते हैं। उपस्थित सभा में मौजूद लोगों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जो भी लोग मौजूद हैं उनमें श्रवण समाज के साथ–साथ स्वर्णवत्व जिंदा है उनका मैं नमन करता हूं। अपने स्वागत की चर्चा करते हुए कहा कि मुझे माला पहनने का शौक नहीं है। मैं तो आप लोगों को सम्मान की विजय माला पहनाना चाहता हूं।



अपने संघर्ष की चर्चा करते हुए कहा कि सामान्य परिवार से निकलकर आज आपके बीच में हूं यही मेरी उपलब्धि है। जब तक स्वर्ण समाज को उनके अधिकार नहीं दिलवा देता तब तक चैन से बैठने वाला नहीं हूं। अभी हाल ही में संतोष वर्मा के दिए गए अशोभनीय बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे लोगों का तो नाम लेना भी पाप है। यह लोग अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए सवर्ण समाज को भला बुरा कहते हैं। चंद्रशेखर रावण को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सवर्ण समाज पर उंगली उठाने से पहले अपने आप पर देखना चाहिए जो अपने समाज की बहन बेटी का नहीं हुआ वह और किसका होगा। उन्होंने सरकार से स्वर्ण आयोग बनाने की मांग करते हुए कहा कि जब दलितों की आवाज उठाने के लिए दलित आयोग, पिछड़ों की आवाज उठाने के लिए पिछड़ा आयोग तो स्वर्ण की आवाज उठाने के लिए स्वर्ण आयोग का गठन क्यों नहीं किया जा रहा। कार्यक्रम संयोजक उमेश त्रिवेदी निर्मोही को मंच से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में फतेहपुर में यह शुरुआत मील का पत्थर साबित होगी।

# मुरादीपुर-बिंदकी मार्ग पर रोडवेज बस पुनः चलाएं जाने की मांग

**- समाजसेवी ने परिवहन मंत्री को लिखा पत्र**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुरादीपुर कस्बे से बिन्दकी तक रोडवेज बसों का संचालन न होने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते लोग अधिक किराया चुकाने के बाद भी जान जोखिम में डालते हैं। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।मुरादीपुर बिन्दकी मार्ग पर परिवहन विभाग की रोडवेज बसों का संचालन होता था लेकिन रेलवे क्रासिंग पर पुल का निर्माण होने की वजह बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। इस गंभीर समस्या को देखते समाजसेवी व भाजपा नेता अजीत कुमार सैनी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र लिखकर मुरादीपुर से बिन्दकी रोड पर परिवहन विभाग की रोडवेज बसों का पुनः संचालन करवाए जाने की मांग किया है। इस मार्ग पर पड़ने वाले गांवों के बहुत से छात्र–छात्राएं रोजाना बिन्दकी शहर अपने–अपने कॉलेजों में पढ़ने के लिए जाते आते हैं। ऐसे में इन कस्बों के लिए रोडवेज बसें न चलने से डग्गामार वाहन ही यात्रियों के आवागमन का सहारा बनते हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी तो महिलाओं व बुजुर्गों को होती है। वहीं चालक भी जब तक उनका डग्गामार वाहन सवारियों से खचाखच न भर जाए, वे अपना वाहन लेकर नहीं जाते। शिकायतकर्ता अजीत कुमार सैनी ने बताया कि इस रूट पर रोडवेज बसों का चलाना अति आवश्यक है, बसों के संचालन से क्षेत्रीय लोगों और स्कूल, कालेज जाने वाले विद्यार्थियों को आसानी हो जाएगी।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी कालोनी में शनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में 28 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूछताछ हेतु पति को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार विष्णुपुरी कालोनी निवासी जीतू उर्फ जितेन्द्र की पत्नी गीता सविता ने शनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता विशंभर निवासी औंग ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में चार लाख रूपए व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। इससे पहले ढाई साल वह मायके में रही। बाद में समझौता होने पर गीता को घर ले गए। उसके बाद दोबारा दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने मारने–पीटने के बाद फांसी पर लटका दिया। मृतका के ससुर राजेन्द्र ने बताया कि उसकी बहू गांव में ही किसी से फोन पर बात करती थी। इसकी जानकारी जब पति को हुई तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिससे उसने घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर में पीछे से टकराई डीसीएम, चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी–दरवेशाबाद गांव के बीच कुंवरपुर रोड पर मुचनू वीर बाबा मंदिर मोड के समीप आगे जा रहे गिट्टी लदे डंपर में पीछे से डीसीएम टकरा गई। जिससे डीसीएम चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर रोड में बिंदकी कस्बा व दरबेशाबाद गांव के बीच रविवार की सुबह लगभग पांच बजे गिट्टी लाद कर आगे आगे जा रहे डंपर के पीछे शकरकंद व टमाटर आदि लादकर जा रही डीसीएम गाड़ी अनियंत्रित होकर तेज रतार से टकरा गई। दुर्घटना इतनी तेज थी कि डीसीएम चालक हनुमत कुमार यादव 33 वर्ष पुत्र राज नारायण यादव निवासी रामपुर मडूकी मंझनपुर जनपद कौशांबी केबिन में दबकर बुरी तरह से फस गया। आसपास के लोगों ने तेज आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची। जेसीबी बुलाकर डीसीएम के केबिन के लोहे के चादरों को फाड़कर चालक हनुमत कुमार यादव को निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गई थी। दुर्घटना की जानकारी मृतक डीसीएम चालक हनुमत कुमार यादव के परिजनों को मोबाइल द्वारा दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने षव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# विद्युत विभाग की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील अन्तर्गत विद्युत उपकेंद्र सुल्तानपुर घोष के बिजली विभाग की कार्यवाही से बकायेदारों और कटियाबाजो में हड़कंप मच गया। टीम ने बकायेदारों के जहां कनेक्शन काटे वहीं कटियाबाजों के खिलाफ भी कार्रवाई की। सुल्तानपुर घोष पावर हॉउस के अवर अभियंता पियूष कुमार के नेतृत्व में कार्य क्षेत्र के इजुरा खुर्द गाँव में बिजली छूट और ब्याज माफ़ी बिल जमा कराने के लिए कैम्प लगाया गया था। वहीं गांव में बकायेदारो की केबल भी काटी गई। जिसमें कुल तीन बकायेदारों व दो कटियाबाजों की केबल काटी गई। इस कार्यवाही से पूरे गांव में बकायेदारों और कटियाबाजो में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान जेई पीयूष कुमार और टीजी टू गोपी चन्द्र, लाइनमैन हलीम अहमद, राम नारायण, इंद्रजीत सिंह, कुलदीप कुमार, चंदन सिंह, ओम प्रकाश, अजय सिंह, जय पाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

# वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ मुहल्ला राजनगर में मानसिक तनाव के चलते 61 वर्षीय वृद्ध ने घर के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार राजनगर मुहल्ला निवासी स्व0 रामदीन शर्मा का पुत्र राज किशोर ने रविवार की सुबह घर के बाहर लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में आए परिजनों ने बताया कि पिछले काफी दिनों से इनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। जिसके चलते घटना को अंजाम दे दिया।

# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम नरैनी में रविवार की सुबह 28 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सातो नरैनी निवासी सोनू कुमार की पत्नी प्रीती देवी ने रविवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीहाट के समीप एनएच–2 में ट्रक की चपेट में आ जाने से 36 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के कांधी गांव निवासी श्यामलाल का पुत्र बृजेश कुमार अपने दो दोस्तों के साथ शादी समारोह में जा रहे थे। जब ये लोग बीबीहाट के समीप एनएच–2 पर पहुंचे तभी बाइक रोड किनारे खड़ी कर लघुशंका के लिए जाने लगे। इसी बीच ट्रक की चपेट में आ जाने से बृजेश की मौके पर ही मौत हो गई। दोस्तो ने उसके शव को उसके घर पहुंचा दिया। सूचना पर पहुंची मलवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# अलग–अलग सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के अकबरपुर चोराई गांव निवासी राजाराम का 50 वर्षीय पुत्र श्यामू बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था। जब वह बिलंदा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव निवासी फूल सिंह का 20 वर्षीय पुत्र प्रदीप गांव के ही आदित्य पुत्र उदयराज 17 वर्ष के साथ बाइक से सामान लेने जा रहा था। जब ये लोग चंदीपुर के पास पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दोनों घायल हो गए।

# सक्षम के जिला अधिवेशन में दिव्यांगों को किया पुरस्कृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सम.ष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल सक्षम का जिला अधिवेशन शहर के पक्का तालाब स्थित एक स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव नयन गिरि व सक्षम के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। उन्होंने प्रत्येक दिव्यांग को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वो उनसे व्यक्तिगत संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर देते हुए सभी दिव्यांगों को पुरस्.त भी किया।अध्यक्षता कर रहे सक्षम के जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने संगठन



की उपलब्धियों, चल रहे जन जागरूकता अभियान एवं दिव्यांगनों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि समाज में दिव्यांगनों का सम्मान, समानता और सुगमता उपलब्ध कराना संगठन की सर्वोच्य प्राथमिकता है। अधिवेशन में प्रांत उपाध्यक्ष बृजेश कटियार एवं प्रांत सह सचिव मनमोहन मिश्रा का उद्बोधन जनपद को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग मित्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अधिवेशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शिवशंकर ने दिव्यांगजनों के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से जोर दिया। समाजसेवी अशोक तपस्वी ने दिव्यांगों को रोजगार व स्वावलंबी बनाने में अपने कार्य योजना साझा की। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह बग्गा, मयूर गुप्ता, गंगा समग्र की रीता सिंह तोमर, साधना, कविता रस्तोगी, मधु साहू, पुष्प विषकर्मा आदि लोगों ने उत्.ष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग मित्रों को संगठन की पट्टिका पहनाकर सम्मानित और पुरस्.त किया। इस मौके पर सक्षम के सीताराम सिंह चौहान, दिनेश त्रिपाठी, चंद्रभान त्रिपाठी, नवनीत श्रीवास्तव, अंकित गुप्ता, नवीन सिंह, अदीप सिंह, राजेश कुमार, जितेंद्र त्रिवेदी, हरि चौरसिया, प्रखर रस्तोगी, छोटेलाल, मोतीलाल सोनी, डा. माधुरी साहू, कविता रस्तोगी आदि दिव्यांग मित्र उपस्थित रहे।

# खागा तहसील क्षेत्र में घूमा कैंसर जागरूकता प्रचार रथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फावा नेटवर्क लखनऊ के सहयोग से नेहरू युवा संगठन टीसी व वात्सलय लखनऊ के तत्वाधान में कैंसर जागरूकता अभियान अंतर्गत ऐरायां ब्लॉक के बहलोलपुर एलई गांव में कैंसर जागरूकता प्रचार रथ व पंपलेट वितरण करते हुए ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों के साथ कैंसर के कारण व बचाव के बारे में जागरूक किया गया।



यह जागरूकता रथ खागा नगर में तहसील, बस स्टॉप, टैंपो स्टॉप में महिलाओ पुरुषों के साथ पोस्टर वितरण करते हुए महिलाओ में सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर के बारे में लक्षण व बचाव की जानकारी देते हुए तथा खानपान व समय से जांच करवाना हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही किशोरियों बालिकाओं के टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से नेहरु युवा संगठन टीसी की समन्वयक अनीता वर्मा ने बताया कि गांव में कैंसर जैसी घातक बीमारी को बहुत गंभीर है और महिलाएं संकोच में किसी से बात नहीं करते है। मर्ज धीरे धीरे गंभीर स्थिति में पहुंच जाता है फिर मर्ज को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। बहुतायत महिलाओं की इस मर्ज से मृत्यु तक हो जाती है। आज इस जागरूकता प्रचार रथ व पंपलेट के माध्यम से क्षेत्र में समुदाय को जागरूक कर रहे हैं। ताकि किसी में इसके लक्षण दिखाई दे तो तुरंत जांच कर इलाज शुरू किया जा सके। इससे असामयिक व दर्दनाक मौत से बचाव किया जा सके।

# नि:शुल्क प्रशिक्षण की कोच को सौंपी जिम्मेदारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की बैठक नीलकंठ पैलेस पटेलनगर में आहूत की गई। बैठक में 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक डा. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल आईटीआई रोड में चलने वाले निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर की समस्त कोच को जिम्मेदारी दी गई। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बताया कि 15 दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर में रजिस्ट्रेशन व प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निःशुल्क है। ताइक्वांडो प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं 10 दिसंबर से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे। सचिव राजकुमार ने कहा कि हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता। सीखना व जीतना एक कला है। बैठक में राजकुमार, भारत वर्मा, शिव कुमार, रिया गौड़, मनीषा राजपूत, रिचा राजपूत उपस्थित रहीं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )